RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-319 | जयपुर, रविवार, 17 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

## चांदी के आयात पर पाबंदी लगाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को चांदी के आयात पर नई पाबंदी लगाई है। सरकारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, अब 99.9% शुद्धता वाला सिल्वर बार, अनरॉट सिल्वर ( कच्ची चांदी), चांदी पाउडर और सोने या प्लेटिनम की परत चढ़ी चांदी को विदेश से मंगाने के लिए सरकार की अनुमति लेनी होगी। पहले इनका आयात आसानी से किया जा सकता था, लेकिन अब इन्हें 'रिस्ट्रिक्टेड' कैटेगरी में डाल दिया गया है। सरकार का कहना है कि गैर-जरूरी आयात कम करने और विदेशी मुद्रा के खर्च को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इससे पहले 13 मई सरकार ने सोना और चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी भी 6% से बढ़ाकर 15% कर दिया था। सरकार ने नए नोटिफिकेशन के जरिए चांदी की कई कैटेगरीज के आयात नियम सख्त कर दिए हैं। अब तक चांदी का इम्पोर्ट 'फ्री' कैटेगिरी में था, जिसे बदलकर 'रिस्ट्रिक्टेड' (प्रतिबंधित) कैटेगिरी में डाल दिया गया है।

## बूंदी में युवक को पेड़ से बांधकर पीटा

**बूंदी।** बूंदी में बच्चा चोरी के शक में भीड़ ने एक युवक को पेड़ से बांधकर पीटा। लोगों ने युवक पर दो मासूम बच्चों को उठाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची युवक छुड़ाकर थाने ले आई। मामला शहर के देवपुरा इलाके में शनिवार दोपहर का है। सदर थानाधिकारी भंवर सिंह ने बताया- पुलिस टीम के साथ सहायक उपनिरीक्षक रजनीश राठौड़ मौके पर पहुंचे थे और युवक को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले आए। पुलिस मामले की जांच कर रही है ताकि यह पता चल सके की युवक वास्तव में बच्चा चोरी की वारदात में शामिल था या यह केवल शक के आधार पर हुई घटना थी। थानाधिकारी भंवर सिंह ने बाद में स्पष्ट किया कि युवक बच्चा चोर नहीं था। वह मजदूरी करने के लिए काफी समय से बूंदी में रह रहा था। शराब के नशे में होने के कारण कुछ लोगों ने उसे गलत समझ लिया।

# नीट पेपर लीकः आरोपी मनीषा-कुलकर्णी दस दिनों की सीबीआई रिमांड पर

### कोर्ट से निकलते ही बेहोश होकर गिरीं लेक्चरर

### लेक्चरर एनटीए की पेपर सेटिंग कमेटी का हिस्सा थी

नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई के हाथ एक और बड़ी सफलता लगी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य आरोपी मनीषा मंधारे और सेवानिवृत्त प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी को 10 दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट का आदेश आते ही सीबीआई टीम दोनों को भारी सुरक्षा के बीच अपने साथ ले गई। इस हाई-प्रोफाइल मामले में यह अब तक की सबसे बड़ी न्यायिक कार्रवाई मानी जा रही है। इतना ही नहीं, कोर्ट से निकलते वक्त बेहोश होकर आरोपी लेक्चचर नीचे गिर गई।




### साजिश रचने और पेपर बांटने का गंभीर आरोप

सीबीआई ने अदालत के सामने दोनों आरोपियों की कस्टडी मांगते हुए बेहद चौंकाने वाले तर्क रखे। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि मनीषा मंधारे और पीवी कुलकर्णी इस पूरे खेल के मुख्य मास्टरमाइंड हैं। ये दोनों आरोपी नीट-यूजी परीक्षा का गोपनीय प्रश्नपत्र अवैध तरीके से हासिल करने और फिर उसे मोटी रकम के बदले परीक्षार्थियों के बीच बांटने की इस गहरी साजिश में पूरी तरह शामिल थे।

जांच अधिकारियों के अनुसार, मनीषा वाघमारे ने ही पुणे की गिरफ्तार बायोलॉजी लेक्चरर मनीषा मंधारे के साथ मिलकर उन छात्रों को जाल में फंसाया था, जिनसे लाखों रुपये वसूले गए थे। वहीं, पीवी कुलकर्णी ने एनटीए की पेपर-सेटिंग गोपनीयता को भेदकर पेपर हासिल किया था। अब सीबीआई इन दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। 10 दिनों की इस कस्टडी के दौरान जांच एजेंसी यह पता लगाएगी कि लीक पेपर का मुख्य सोर्स कहां था और इस काली कमाई के तार और किन बड़े लोगों से जुड़े हैं।

इस बीच खबर यह भी आई है कि पुणे के मॉडर्न कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स की बायोलॉजी लेक्चरर मनीषा गुरुनाथ मंधारे के खिलाफ अब कॉलेज प्रशासन ने सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का फैसला किया है।

### 24 साल का अनुभव और विश्वास का हनन

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर निवेदिता एकबोटे ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि मनीषा मंधारे साल 2002 से इस जूनियर कॉलेज में कार्यरत थीं। वह पिछले 24 वर्षों से कक्षा 11 और 12 के छात्रों को बायोलॉजी पढ़ा रही थीं। उनके इसी लंबे अनुभव को देखते हुए एनटीए ने उन्हें नीट परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े बेहद गोपनीय काम के लिए नियुक्त किया था।

### लाखों रुपये लेकर घर पर चलाए स्पेशल क्लास


जांच अधिकारियों के अनुसार, मनीषा मंधारे पर अप्रैल 2026 में ही लीक पेपर के जरिए छात्रों को जोड़ने का आरोप है। इस काम में मनीषा वाघमारे ने उनकी मदद की थी, जिसे 14 मई को गिरफ्तार किया जा चुका है। मंधारे ने अपने पुणे स्थित आवास पर चुनिंदा छात्रों के लिए विशेष कोचिंग क्लास चलाई थीं। वहां उन्होंने छात्रों को लीक हुए प्रश्न और उनके उत्तर लिखाए थे। इसके बदले उन्होंने छात्रों से लाखों रुपये की फीस वसूली थी। मंधारे की ओर से लिखाए गए अधिकांश प्रश्न 3 मई को आई मुख्य परीक्षा से पूरी तरह मेल खाते थे।

### अब तक 9 आरोपी गिरफ्तार हुए

सीबीआई ने अब तक इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को आरोपी मनीषा वाघमारे और पीवी कुलकर्णी को 10 दिन की CBI कस्टडी में भेजा।

इससे पहले शुक्रवार को 5 आरोपियों को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था। CBI ने देशभर में 6 स्थानों पर छापेमारी की। कार्रवाई में कई अहम दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। एजेंसी अब इनकी फोरेंसिक और डिजिटल जांच कर रही है।

## सीबीएसई ने कक्षा 9-10 के लिए लागू की तीन भाषा व्यवस्था



### अब विद्यार्थी पढ़ेंगे तीन भाषाएं, इनमें दो भाषाएं भारतीय होना आवश्यक

नई दिल्ली

केंद्रीय माध्य. शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 9-10 के लिए तीन भाषा व्यवस्था लागू कर दी है। इनमें से दो भाषाएं अनिवार्य तौर पर भारतीय होना आवश्यक है। नई व्यवस्था इसी साल एक जुलाई से लागू होगी।

सीबीएसई की ओर से 15 मई को जारी एक परिपत्र में यह निर्देश राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और राष्ट्रीय विद्यालय शिक्षा पाठ्यक्रम (एनसीएफ-एसई) 2023 के अनुरूप है। यह बदलाव 2026-27 शैक्षणिक सत्र के लिए नवीनतम एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की समीक्षा के बाद किया गया है। बोर्ड के अनुसार विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी। इनमें दो भारतीय भाषाएं होना आवश्यक है। हालांकि कक्षा 10 में तीसरी भाषा के लिए कोई बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि तीसरी भाषा का मूल्यांकन पूरी तरह स्कूल स्तर पर और आंतरिक रूप से किया जाएगा। विद्यार्थियों के प्रदर्शन का उल्लेख सीबीएसई प्रमाण पत्र में किया जाएगा, लेकिन किसी भी छात्र को तीसरी भाषा के आधार पर बोर्ड परीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा।

विदेशी भाषाओं को केवल तीसरी भाषा या वैकल्पिक चौथी भाषा के रूप में चुना जा सकेगा। बोर्ड ने कहा कि नई व्यवस्था के लागू कराते समय कक्षा 9 के छात्र फिलहाल कक्षा 6 की तीसरी भाषा की पुस्तकों से पढ़ाई करेंगे। जिन स्कूलों में भाषा शिक्षकों की कमी है, वहां ऑनलाइन शिक्षण, स्कूलों के बीच संसाधन साझा करने और सेवानिवृत्त शिक्षकों की मदद लेने जैसी व्यवस्थाएं अपनाई जाएंगी।

## ईरान पर अगले हफ्ते दोबारा हमले की तैयारी में अमेरिका

### 50 हजार सैनिक और युद्धपोत तैनात, ट्रम्प के फैसले का इंतजार

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

अमेरिका अगले हफ्ते ईरान पर दोबारा सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन ने हमले के कई विकल्प तैयार किए हैं और अब अंतिम फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई बढ़ाने की योजना तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले के विकल्पों में ईरान के सैन्य और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर बड़े हवाई हमले शामिल हैं।



एक विकल्प अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशन फोर्सेज को जमीन पर उतारकर इस्फहान परमाणु साइट में दबे परमाणु सामग्री यानी एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने का भी है। हालांकि अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा और इसमें भारी सैन्य नुकसान हो सकता है। अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में 50 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात रखे हैं। इसके अलावा दो एयरक्राफ्ट कैरियर, एक दर्जन से ज्यादा नेवी डेस्ट्रॉयर और बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान भी क्षेत्र में मौजूद हैं। करीब 5 हजार मरीन और 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के 2 हजार पैराट्रूपर्स भी आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने चेतावनी दी है कि होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अमेरिका समर्थित प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों को भी किसी नए सैन्य तनाव के लिए जिम्मेदार माना जाएगा।

ईरान ने कहा कि अगर अमेरिका क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई बढ़ाता है, तो इस प्रस्ताव के सह-प्रायोजक देश भी उसकी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी साझा करेंगे।

## जल्दी आएगा मानसून, लेकिन सुपर-अल नीनो से सूखे की आशंका

### राजस्थान में भीषण गर्मी, भोपाल में सड़क का डामर पिघला

नई दिल्ली

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून तय समय से 4 दिन पहले 26 मई को केरलम पहुंच सकता है। हालांकि अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (नोआ) के अनुसार इस साल सुपर अल नीनो का आना लगभग तय हो गया है। इससे, कमजोर मानसून, सूखे और हीटवेव की आशंका ज्यादा हो गई है।

अल नीनो एक जलवायु घटना है, जो प्रशांत महासागर में पानी गर्म होने पर होती है। इससे मानसूनी हवाएं दिशा बदल देती हैं। इसके असर से भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में बारिश कम होगी और भीषण गर्मी पड़ेगी। भारत में सामान्य रूप से मानसून की एंट्री 1 जून को केरलम से होती है।



गर्मी की बात करें तो राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड और विदर्भ में आज हीटवेव का अलर्ट है। इन राज्यों के कई जिलों में तापमान 46-47 डिग्री के बीच पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश-विदर्भ में आज रात में भी लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

महाराष्ट्र के अमरावती में 45.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राजस्थान के फलौदी में भी पारा 44.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। भोपाल में पारा 42 डिग्री पार कर गया, जिससे यहां सड़कों पर डामर पिघल गया।

### अल-नीनो की संभावना 82% बढ़ी, दुनिया पर असर

नोआ के नए अपडेट के मुताबिक इस साल मई से जुलाई के दौरान अल नीनो डेवलप होने की 82% संभावना है। इसके सर्दियों (दिसंबर 2026 से फरवरी 2027) तक जारी रहने की 96% आशंका है। जबकि, इसके 'स्ट्रॉन्ग' या 'वेरी स्ट्रॉन्ग' रहने की करीब 67% आशंका है। इससे, कमजोर मानसून, सूखे और हीटवेव की आशंका अब ज्यादा हो गई है। भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में बारिश कम होती है। भीषण गर्मी पड़ती है। इंडोनेशिया, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में नमी खत्म होने से सूखा पड़ता है और जंगलों में आग का खतरा बढ़ जाता है।

## महिलाओं की मौत की जांच करने एम्स के डॉक्टर्स पहुंचे

### कोटा के जेके लोन और न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का जायजा लिया

कोटा

कोटा के सरकारी हॉस्पिटल में प्रसूताओं की मौत व तबीयत बिगड़ने के मामले में जांच के लिए एम्स की टीम कोटा पहुंची। 7 डॉक्टर्स की टीम ने जेके लोन हॉस्पिटल, न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल व सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का दौरा किया। टीम ने हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम में 6 डॉक्टर दिल्ली के और एक डॉक्टर जोधपुर से शामिल हैं।



सबसे पहले टीम जेके लोन हॉस्पिटल पहुंची। टीम ने लेबर रूम, कॉम्पलेक्स, ऑपरेशन थिएटर (ओटी) पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड का निरीक्षण किया। ऑपरेटिंग प्रोसेस,नर्सिंग केयर, ओटी और लेबर की व्यवस्थाओं को समझा।

लंच के बाद टीम न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंची। टीम ने वहां भी पोस्ट गायनिक वार्ड का निरीक्षण किया। स्टाफ से जानकारी ली। टीम ने ऑपरेशन थिएटर (ओटी), एसआईसीयू की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद टीम सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक (स्स्क) भी गई। वहां भर्ती मरीज से मुलाकात की। स्टाफ से इलाज के बारें में जानकारी ली।

## कॉकरोच वाली टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया: चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** कॉकरोच वाले विवाद पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने अपना बयान जारी किया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि मुझे यह पढ़कर दुख हुआ कि मीडिया के एक हिस्से ने कल एक तुच्छ मामले की सुनवाई के दौरान मेरी मौखिक टिप्पणियों को किस तरह गलत तरीके से पेश किया है। मैंने विशेष रूप से उन लोगों की आलोचना की थी, जिन्होंने फर्जी और नकली डिग्रियों की मदद से वकालत जैसे व्यवसायों में प्रवेश किया है। चीफ जस्टिस ने कहा ऐसे ही लोग मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य प्रतिष्ठित व्यवसायों में भी घुसपैठ कर चुके हैं, इसलिए वे परजीवी की तरह हैं।

चीफ जस्टिस ने अपने बयान में कहा है कि यह कहना पूरी तरह से बेबुनियाद है कि मैंने हमारे देश के युवाओं की आलोचना की मुझे न केवल हमारे वर्तमान और भविष्य के मानव संसाधन पर गर्व है, बल्कि भारत का हर युवा मुझे प्रेरित करता है। चीफ जस्टिस ने कहा है कि यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारतीय युवाओं के मन में मेरे लिए बहुत आदर और सम्मान है और मैं भी उन्हें एक विकसित भारत के स्तंभों के रूप में देखता हूं।

विदेश मंत्रालय ने कहा- भारत ने तथाकथित 'सीओए' की स्थापना को कभी मान्यता नहीं दी

## सिंधु जल पर मध्यस्थता न्यायालय अवैध फैसले का कोई मतलब नहीं : भारत

नई दिल्ली

भारत ने सिंधु जल से संबंधित मध्यस्थता न्यायालय (सीओए) के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि उसने इसे कभी मान्यता नहीं दी है। इसका अर्थ है कि उसकी ओर से जारी कोई भी कार्यवाही, फैसला या निर्णय अमान्य है। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का निर्णय अभी भी लागू है।



मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को कहा कि 15 मई को अवैध रूप से गठित तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय ने सिंधु जल संधि की व्याख्या से जुड़े मामले में एक अतिरिक्त फैसला जारी किया। यह फैसला परियोजनाओं में पानी के अधिकतम भंडारण से संबंधित मुद्दे पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत इस तथाकथित फैसले को पूरी तरह से खारिज करता है, ठीक उसी तरह जैसे उसने अवैध रूप से गठित सीओए के सभी पिछले फैसलों को दृढ़ता से खारिज किया है। भारत ने इस तथाकथित सीओए की स्थापना को कभी मान्यता नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि भारत ने अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। यह संधि 19 सितंबर 1960 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू व पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी।

पीएम मोदी ने 'द हेग' में भारतीय प्रवासी समुदाय को किया संबोधित

# ये आपदाओं को दशक, हालात अच्छे नहीं हुए तो खत्म हो सकता हैं सबकुछ

### देश में 2 लाख से ज्यादा स्टार्टअप, जल्दी ही चिप भी मेड इन इंडिया होगी

एम्स्टर्डम

चार यूरोपीय देशों के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी यात्रा के पहले चरण में देर रात नीदरलैंड पहुंचे। मोदी ने नीदरलैंड में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में होने वाले आधे से ज्यादा डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में हो रहे हैं। द हेग में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि भारत में एक साल में 20 बिलियन से ज्यादा क्क्षु ट्रांजेक्शन हुए हैं। उनके मुताबिक, दुनिया में होने वाले कुल डिजिटल ट्रांजेक्शन का आधे से ज्यादा हिस्सा भारत में हो रहा है। पीएम ने कहा कि भारत तेजी से दुनिया का बड़ा स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी हब बन रहा है।



आज हमारे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की चर्चा पूरी दुनिया में होती है। ये भारतीयों के इनोवेशन का बहुत बड़ा प्रमाण है। भारत में चिप निर्माण, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सबसे बड़ा कदम उठाया जा रहा है। अभी भारत में 12 सेमीकंडक्टर प्लांट पर काम चल रहा है। इनमें से दो प्लांट में उत्पादन भी शुरू हो चुका है। यानी अब चिप भी, भारत में डिजाइन, भारत में निर्मित होगी।

मोदी कहा कि डच नेतृत्व हमेशा भारतीय समुदाय की तारीफ करता है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड की समाज और अर्थव्यवस्था में भारतीयों के योगदान पर हर भारतीय को गर्व है। 'जब भी मेरी नीदरलैंड के नेतृत्व से बातचीत हुई, उन्होंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा की प्रशंसा की।' उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय ने मेहनत और प्रतिभा के दम पर नीदरलैंड में अपनी अलग पहचान बनाई है।

### आज की दुनिया नई चुनौतियों से जूझ रही

मोदी ने कहा कि आज की दुनिया नई चुनौतियों से जूझ रही है। पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब एनर्जी क्राइसिस है। ये दशक दुनिया के लिए आपदाओं का दशक बन गया है। अगर ये नहीं बदला तो बीते अनेक दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा। दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीब हो जाएगी।

### आगे बढ़ना है तो बड़े सपने देखने ही होंगे

मोदी ने कहा कि दुनिया का कोई भी देश हो अगर उसे आगे बढ़ना चाहता है, तो उसे बड़े सपने देखने ही होंगे। आज हमारा भारत भी बहुत बड़े सपने देख रहा है। आज देश कह रहा है हमें सिर्फ ट्रांसफॉर्मेशन नहीं चाहिए हमें बेस्ट चाहिए और बेस्ट ही नहीं हमें फास्टेस्ट चाहिए। आज भारत का युवा आसमान छूना चाहता है, वो स्टार्टअप शुरू करना चाहता है। क्वालिटी प्रोडक्ट बनाना चाहता है। वो एआई और सेमीकंडक्टर की दुनिया में भारत का आगे ले जाना चाहता है। इसलिए ही भारत का स्टार्टअप इको सिस्टम लगातार हो रहा है। अब हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इको सिस्टिम वाले देश हैं। भारत चाहता है कि वह दुनिया का ग्रोथ इंज न बने। मोदी ने कहा कि भारत में एक साल में 20 बिलियन से ज्यादा यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए हैं।

## बंगाल के आसनसोल में पुलिस चौकी में तोड़फोड़-पथराव

### लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद हंगामा

आसनसोल

पश्चिम बंगाल के आसनसोल में लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद शुक्रवार रात को तनाव फैल गया। रेलपार इलाके में भीड़ ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ और पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस प्रशासन ने राज्य सरकार के निर्देश पर आसनसोल के कई हिस्सों में लाउडस्पीकर की आवाज कम रखने को कहा था। इसी सिलसिले में दिन में रेलपार इलाके में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बातचीत हुई थी।



शाम को बड़ी संख्या में लोग पुलिस चौकी पहुंच गए। भीड़ ने चौकी पर पथराव किया। पुलिस और आम लोगों के वाहनों में तोड़फोड़ की। घटना में कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई है।

तनाव के बाद इलाके में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है। पुलिस के डिप्टी कमिश्नर वीजी सतीश पसुमार्थी ने कहा- अब स्थिति कंट्रोल में है। CCTV फुटेज की पहचान की जा रही है।

## महाराष्ट्र में विमान कंपनियों को बड़ी राहत, एटीएफ पर वैट 18 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत किया

मुंबई (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण बढ़ी विमान ईंधन कीमतों और हवाई मार्गों पर पड़े असर के बीच महाराष्ट्र सरकार ने विमान कंपनियों को बड़ी राहत दी है। राज्य सरकार ने एव्हिएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाला वैट (वैट) 18 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत करने का फैसला लिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नया कर दर 15 मई 2026 से लागू होगा और 14 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। सरकार के इस फैसले से एटीएफ पर 11 प्रतिशत की सीधी कटौती हुई है, जिससे विमान कंपनियों के ईंधन खर्च में कमी आने की संभावना है। भारतीय एयरलाइंस के कुल संचालन खर्च में ईंधन की हिस्सेदारी लगभग 35 से 40 प्रतिशत तक होती है। ऐसे में इस टैक्स कटौती को विमानन उद्योग के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। दरअसल पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते सप्लाई चेन प्रभावित हुई है और कई देशों के हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके कारण उड़ानों के रूट लंबे हो गए हैं और विमान कंपनियों की लागत बढ़ गई है। इसी के मद्देनजर केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों से एटीएफ पर टैक्स कम करने को लेकर चर्चा की थी। देश में एटीएफ पर सबसे ज्यादा वैट लगाने वाले राज्यों में तमिलनाडु (29 प्रतिशत), दिल्ली (25 प्रतिशत) और महाराष्ट्र शामिल थे। महाराष्ट्र में पहले 18 प्रतिशत वैट लिया जा रहा था, जिसे अब घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया गया है। इस बीच शुक्रवार को ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जबकि विमान ईंधन पर टैक्स कम किया गया है। इसे लेकर अब आम लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई है कि सरकार क्या अब आम जनता को भी राहत देने के लिए कदम उठाएगी ?

## अमिताभ बच्चन के बाद रणबीर कपूर ने खरीद रामनगरी में जमीन

अयोध्या(एजेंसी)। श्रीराम की नगरी अयोध्या को लेकर बॉलीवुड के कलाकारों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। महानायक अमिताभ बच्चन के बाद अभिनेता रणबीर कपूर ने भी अयोध्या में 2.42 करोड़ की जमीन का एग्रीमेंट कराया है। रजिस्ट्री बाद में कराई जाएगी। यह जमीन 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप' की परियोजना में ली जा रही है। इससे पहले बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने पहले ही सरयू तट पर दो जमीनें खरीदीं और एक का एग्रीमेंट कराया है। अब दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर के बेटे रणबीर कपूर ने भी सरयू तट पर जमीन खरीदने के लिए एग्रीमेंट कराया है। बताया गया है कि अभिनेता रणबीर के पॉवर ऑफ अटार्नी ने गुरुवार को 198.26 वर्ग मीटर जमीन का एग्रीमेंट द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप के साथ किया है। यह जमीन सरयू तट के तिहुरा माझा क्षेत्र में ली जा रही है। जमीन की कीमत दो करोड़ 42 लाख 15 हजार 786 रुपये बताई गई है। लोढ़ा ग्रुप श्रीराम मंदिर से लगभग सात किलोमीटर की दूरी पर नई साइट डेवलप कर रहा है। लोढ़ा ग्रुप के साथ ही उसके आसपास भी लोग जमीन खरीद रहे हैं। उपायुक्त स्टाम्प योगेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक राम मंदिर बनने के बाद अयोध्या में सेलिब्रिटीज का निवेश लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अभिनेता रणवीर कपूर के पॉवर ऑफ अटार्नी की ओर से गुरुवार को लोढ़ा ग्रुप के साथ जमीन का एग्रीमेंट कराया है। जमीन की रजिस्ट्री बाद में कराई जाएगी।

## पहले ही कहा था...साइकिल से बेहतर कुछ नहीं, पेट्रोल की बढ़ी कीमतों पर अखिलेश का तंज

लखनऊ (एजेंसी)। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की भारी बढ़ोतरी का एलान किया है।



इस फैसले को लेकर सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मोदी सरकार की घेराबंदी की है। अखिलेश ने एक्स पर ट्वीट किया, मैंने पहले ही कहा था...... साइकिल से बेहतर कुछ नहीं। बता दें कि अखिलेश ने योगी मंत्रिमंडल में विभाग के बंटवारे में हो रही देरी पर भी योगी सरकार को घेरा है। ट्वीट कर लिखा कि उप्र में मंत्रियों के नाम के बाद, अब क्या उनके विभागों की 'पर्ची' भी ऊपर से आएगी?

## पंजाब में ईंधन मूल्य वृद्धि पर विपक्ष हमलावार, आम आदमी की कमर तोड़ने वाला फैसला

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अचानक हुई तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी ने तीव्र राजनीतिक बहस शुरु कर दी है। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने केंद्र सरकार पर हमला बोलकर फैसले को आम आदमी की कमर तोड़ने वाला और जनविरोधी बताया है। विपक्ष का आरोप है कि यह वृद्धि किसानों और मध्यम वर्ग पर भारी बोझ डालेगी, जिससे दैनिक जरूरत की सभी चीजें महंगी होगी। पंजाब के वित्त मंत्री और आप के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह चीमा ने कदम को भाजपा का किसान-विरोधी और जनविरोधी चेहरा बेनकाब करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक ओर ईंधन महंगा करती है और दूसरी तरफ धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सिर्फ 72 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करती है, जो किसानों की आय पर सीधा वार है। मान सरकार में मंत्री चीमा के अनुसार, एमएसपी बढ़ाकर तुरंत डीजल महंगा करने से किसानों का वाजिब मुआवजा छीना गया है। वहीं कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने भी केंद्र पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मोदी सरकार पर पाखंड का आरोप लगाकर कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी वाहनों के कम इस्तेमाल, कार पूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने का उपदेश देते हैं, और दूसरी तरफ चुपचाप पेट्रोल-डीजल महंगा कर देते हैं। कांग्रेस नेता वडिंग ने सवाल किया, यही था उस नाटक के पीछे का असली खेल? उन्होंने चेतावनी दी कि इससे किसानों, ट्रक ऑपरेटरों और मध्यम वर्गीय परिवारों पर ज्यादा मार पड़ेगी, जिससे जरूरत की हर चीज फिर महंगी होगी और अबकी बार, पेट्रोल सौ के पार की स्थिति बनेगी। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भी बढ़ोतरी को कमरतोड़ बताकर कहा कि इससे पहले से ही महंगाई से जूझ रहे आम आदमी को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को भी इसकी मार झेलनी पड़ेगी, और 72 रुपये की मामूली एमएसपी वृद्धि से उन्हें कोई राहत नहीं मिलेगी।

# उन्नाव रेप केस: सुप्रीम कोर्ट से कुलदीप सेंगर को बड़ा झटका, रद्द हुआ हाईकोर्ट का फैसला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव रेप मामले में अहम फैसला सुनाकर पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को बड़ा झटका दे दिया है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द किया हैं, जिसमें सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित की गई थी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए वापस उच्च न्यायालय भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपील को स्वीकार कर दिल्ली उच्च न्यायालय को निर्देश दिया है कि वह सेंगर के दोषसिद्धि और उम्रकैद की सजा के खिलाफ दायर याचिका पर दो माह के भीतर फैसला करने का प्रयास करे। यह फैसला तब आया है जब बीते साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय ने सेंगर को जमानत पर रिहा करने और उनकी उम्रकैद की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया था। इस आदेश पर पीड़िता और आम जनता में गहरा आक्रोश देखने को मिला था, जिसके बाद सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके पहले 29 दिसंबर को भी सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के जमानत के आदेश पर रोक लगा दी थी।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान, सेंगर की ओर से वरिष्ठ वकील एन. हरिहरन ने दलील दी कि घटना के समय पीड़िता नाबालिग नहीं थी। हालांकि, सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील का पुरजोर विरोध किया। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय का यह मानना गलत है कि एक विधायक लोक सेवक नहीं होता। जस्टिस बागची ने भी इस दृष्टिकोण से सहमति जताकर कहा कि उच्च न्यायालय का यह जरूरत से ज्यादा तकनीकी दृष्टिकोण सही नहीं है। सीजेआई ने उच्च न्यायालय से इस बात पर भी फिर से विचार करने को कहा है कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉस्को एक्ट) के तहत मुकदमा चलाने के लिए एक विधायक को लोक सेवक माना जा सकता है या नहीं।

दरअसल, 23 दिसंबर 2023 के अपने आदेश में दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा था कि सेंगर को पॉस्को एक्ट की धारा 5(सी) (एक लोक सेवक द्वारा यौन शोषण) के तहत दोषी ठहराया गया था, लेकिन एक चुना हुआ प्रतिनिधि भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के तहत लोक सेवक की परिभाषा में फिट नहीं बैठता है। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सेंगर को जेल में ही रहना होगा और उच्च न्यायालय को मामले की फिर से विस्तृत सुनवाई करनी होगी।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज

प्रयागराज (एजेंसी)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुक्तानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ दायर अवमानना याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। आशुतोष महाराज ने प्रयागराज में पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को अग्रिम जमानत देते समय लगाई गई शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का अनुरोध किया था।



अवमानना याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने कहा कि यदि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं, तो याचिकाकर्ता के पास इस अदालत द्वारा दी गई अग्रिम जमानत निरस्त कराने के लिए आवेदन दाखिल करने का वैधानिक उपाय उपलब्ध है। इससे पहले न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने इस अवमानना याचिका पर सुनवाई से स्वयं को यह कहते हुए अलग कर लिया था कि वह इस मामले की सुनवाई नहीं करना चाहते। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने मामला न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की अदालत को सौंप दिया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती कई सभाएं कर रहे हैं और सार्वजनिक बयान दे रहे हैं, जो अदालत के आदेश का उल्लंघन है।

## ममता के वकील ड्रेस पर बार काउंसिल प्रमुख बोले- फर्जी लोग घूमते रहते हैं

**-बीसीआई ने लाइसेंस पर उठाए सवाल, जांच शुरू**



**कोलकाता (एजेंसी)।** कलकत्ता हाईकोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वकील की ड्रेस पहनकर पेश होने पर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने उनके वकालत करने के वैध लाइसेंस पर संदेह व्यक्त करते हुए आधिकारिक जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने तीखा तंज कसते हुए कहा कि कई फर्जी लोग भी सक्रिय रहते हैं, इसलिए इस मामले की पुष्टि करना आवश्यक है।

पूरा मामला 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई कथित हिंसा से जुड़ी एक जनहित याचिका से शुरू हुआ। ममता बनर्जी वकील के काले कोट और सफेद बैंड में चीफ जस्टिस सुजॉय पॉल की बेंच के सामने पेश हुईं और अपनी पार्टी का पक्ष रखा। बीसीआई चेयरमैन ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जब वह आरजी कर मामले में सुप्रीम कोर्ट गई थीं, तब वह वकील की वेशभूषा में नहीं थीं, लेकिन इस बार उन्होंने निर्धारित ड्रेस पहनकर कोर्ट में पैरवी की।

इस घटना के बाद बीसीआई ने पश्चिम बंगाल राज्य बार काउंसिल को पत्र लिखकर दो दिनों के भीतर ममता बनर्जी के कानूनी प्रैक्टिस के दर्जे की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। परिषद ने मुख्य रूप से उनके एनरोलमेंट नंबर, पंजीकरण की तारीख और वर्तमान स्टेटस की जानकारी तलब की है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह उठाया गया है कि चूंकि ममता बनर्जी 2011 से 2026 तक मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद पर रहीं, तो क्या उन्होंने इस अवधि के दौरान नियमों के तहत अपनी प्रैक्टिस निलंबित करने की आधिकारिक सूचना दी थी?

शैक्षणिक पृष्ठभूमि की बात करें तो ममता बनर्जी के पास जोगेश चंद्र चौधरी लॉ कॉलेज से कानून (एलएलबी) की डिग्री है। हालांकि, बार काउंसिल के नियमों के अनुसार, किसी भी लाभकारी या संवैधानिक पद पर रहने के दौरान वकालत का लाइसेंस निलंबित रखना अनिवार्य होता है। वर्तमान में बीसीआई इस बात की जांच कर रहा है कि क्या एक दशक से अधिक समय तक राजनीति में सक्रिय रहने के बाद, बिना प्रक्रिया पूरी किए उनका सीधे वकील के रूप में कोर्ट में पेश होना वैध है या नहीं। राज्य बार काउंसिल की रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में आगे की कानूनी स्थिति साफ होगी।

# बसों में बढ़ती आग पर गडकरी का ऐलान, यात्रियों को मिलेगी विश्वस्तरीय सुरक्षा

**भारत में बनेगी अमेरिका और यूरोप जैसी बसें**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में बसों में आग लगने और सड़क हादसों की लगातार बढ़ती घटनाओं से चिंतित केंद्र की मोदी सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ऐलान किया कि आने वाले समय में देश में यूरोप और अमेरिका के स्तर की अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस बसें तैयार होंगी। उन्होंने कहा कि इन नए सुरक्षा मानकों को केवल नई बसों में ही नहीं, बल्कि पुरानी बसों में भी अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। केंद्र सरकार का लक्ष्य बस यात्रा को अधिक सुरक्षित बनाना और हादसों में होने वाली जनहानि को कम करना है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने खुद स्वीकार किया कि वर्तमान में देश की कई बसों का डिज़ाइन सुरक्षा के लिहाज़ से कमजोर है। हादसे के वक्त कई यात्री



बस से बाहर नहीं निकल पाते, क्योंकि आपातकालीन दरवाजे जाम होते हैं या उसमें लोहे की रॉड जैसी बाधाएं लगी होती हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर की बसों का उदाहरण देकर बताया कि उसमें बड़े इमरजेंसी ग्लास और विशेष प्लास्टिक हथौड़े होते हैं, जिससे यात्री शीशा तोड़कर तुरंत बाहर आ सकते हैं। अब भारत में बनने वाली नई बसों में इसतरह के फीचर्स अनिवार्य किए जाएंगे।

केंद्र सरकार के नए सुरक्षा मानकों में बेहतर इमरजेंसी एग्जिट, सीट बेल्ट, अत्याधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम, इमरजेंसी लाइट और ड्राइवर की नींद पहचानने वाले सेंसर शामिल होगा। विशेष रूप से, नई स्लीपर बसों को केवल अधिकृत फैक्ट्रियों में ही बनाया जा सकेगा और बिना फायर सेफ्टी जांच के उनका पंजीकरण नहीं होगा। नियमों का उल्लंघन कर अवैध बदलाव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जेल की सजा तक हो सकती है।

बात दें कि हाल के महीनों में देश के विभिन्न हिस्सों में बसों में आग लगने की कई दर्दनाक घटनाएं सामने आई हैं। मध्य प्रदेश के इंदौर में पार्किंग में खड़ी बसों में आग लगने से लेकर राजस्थान के उदयपुर में चलती स्लीपर बस का आग का गोला बन जाना, इन हादसों ने लोगों को झकझोर दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, शॉर्ट सर्किट, इंजन का अत्यधिक गर्म होना, डीजल रिसाव, एसी सिस्टम में खराबी, अवैध गैस सिलेंडर और हाई-टेंशन तारों के संपर्क में आना बसों में आग लगने के प्रमुख कारण हैं। केंद्र सरकार को उम्मीद है कि इन कड़े सुरक्षा नियमों के लागू होने के बाद बस यात्राएं पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बन सकेंगी।

## हैदराबाद एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप

**-संदिग्ध विदेशी मुद्रा के साथ गिरफ्तार**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही लुफ्थांसा एयरलाइंस की फ्लाइट एलएच 754 वी में बम होने की धमकी से शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हड़कंप मच गया। उड़ान के दौरान एयरलाइन के कस्टमर सपोर्ट को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें दावा किया गया था कि विमान में बम रखा गया है और हैदराबाद पहुंचने से पहले उसमें धमाका कर दिया जाएगा। इस संदेश के मिलते ही एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसियां, एयर ट्रैफिक कंट्रोल और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तुरंत अलर्ट मोड पर आ गए।




राहत की बात यह रही कि विमान ने हैदराबाद एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की। लैंडिंग के तुरंत बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विमान को सीधे आइसोलेशन बे (सुरक्षित क्षेत्र) में ले जाया गया। विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी सघन जांच की गई। सुरक्षा बलों और डॉग स्क्वायड द्वारा विमान की बारीकी से ली गई तलाशी में फिलहाल कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियां अब इस धमकी भरे ईमेल के स्रोत और इसे भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने में जुटी हैं।

इसी दौरान, हैदराबाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान एक अन्य मामले में भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा बरामद की गई है। बैंकॉक जाने की तैयारी कर रहे सैयद इस्माइल अली नामक एक यात्री के सामान की जब सीआईएसएफ जवानों ने सामान्य बैगेज स्क्रीनिंग की, तो उसमें संदिग्ध विदेशी करेंसी पाई गई। जांच करने पर बरामद की गई विदेशी मुद्रा की भारतीय कीमत लगभग 11,85,930 रुपये आंकी गई है। सुरक्षा अधिकारियों ने उचित दस्तावेज न होने के कारण पूरी रकम को जब्त कर लिया है और आरोपी यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारी अब इस बात की तफ्तीश कर रहे हैं कि इतनी बड़ी रकम कहां से लाई गई थी और इसे अवैध रूप से बैंकॉक क्यों ले जाया जा रहा था।

# श्रीलंका का मट्टाला एयरपोर्ट को लेकर भारत की बढ़ी सामरिक चिंताएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका सरकार द्वारा दक्षिणी शहर हंबनटोटा के पास स्थित मट्टाला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को विदेशी निवेशकों को सौंपने की नई प्रक्रिया शुरू करने से भारत की चिंताएं एक बार फिर बढ़ गई हैं। रणनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील माने जाने वाले इस हवाईअड्डे की स्थिति चीन के नियंत्रण वाले हंबनटोटा बंदरगाह के बेहद करीब है, जिसके चलते नई दिल्ली इस पूरे घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए है। श्रीलंका सरकार ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से आगामी 9 जून तक एक्सप्रेशंस ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किए हैं। यह हवाईअड्डा 30 वर्षीय बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर मॉडल के तहत निवेशकों को सौंपे जाने का प्रस्ताव है, जिसमें तय अवधि के बाद इसे पुनः श्रीलंका सरकार को वापस कर दिया जाएगा।




भारत लंबे समय से अपने पड़ोसी देशों में चीन समर्थित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लेकर सतर्क रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह हंबनटोटा बंदरगाह का पुराना अनुभव है, जहां कर्ज न चुका पाने के कारण श्रीलंका ने 2017 में इस बंदरगाह को 99 साल की लीज पर चीन को सौंप दिया था। वर्ष 2013 में करीब 20.9 करोड़ डॉलर की लागत से बने मट्टाला हवाईअड्डे के लिए भी 19 करोड़ डॉलर का ऋण चीन के एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक से लिया गया था। आधुनिक रनवे के बावजूद यह एयरपोर्ट कभी भी यात्री और एयरलाइन ट्रैफिक आकर्षित नहीं कर सका और अब तक इसे करीब 13 करोड़ डॉलर का भारी नुकसान हो चुका है। ऐसे में यह आशंका गहरा गई है कि कहीं हंबनटोटा पोर्ट की तरह यह हवाईअड्डा भी अंततः चीन के हाथों में न चला जाए।

इससे पहले वर्ष 2024 में इस एयरपोर्ट को भारत और रूस के एक संयुक्त उपक्रम को 30 साल की लीज पर देने की योजना बनी थी, लेकिन कोलंबो में सत्ता परिवर्तन के बाद यह प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया। अब नई निवेश प्रक्रिया के तहत भारत के पास दोबारा मौका हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि हंबनटोटा जैसे रणनीतिक क्षेत्र में भारतीय कंपनियों की भागीदारी भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति और हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा रणनीति के लिहाज से एक बेहद महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## एके एंटनी की सलाह से बदला राहुल गांधी का रुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल में कांग्रेस के मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर चली लंबी माथापच्ची आखिरकार गुरुवार को समाप्त हो गई है। पार्टी नेतृत्व ने वरिष्ठ नेता वीडी सतीशन के नाम पर मुहर लगाई है, जबकि राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले केसी वेणुगोपाल मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर हो गए। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस फैसले के पीछे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी की अहम भूमिका रही, जिन्होंने राहुल गांधी का रुख बदलने में निर्णायक योगदान दिया।



सूत्रों के अनुसार शुरुआती दौर में राहुल गांधी केसी वेणुगोपाल के नाम के पक्ष में थे। हालांकि केरल कांग्रेस संगठन, सहयोगी दलों और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच वीडी सतीशन के नाम पर अधिक सहमति दिखाई दे रही थी। सतीशन को जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाला नेता माना जाता है और यही बात अंततः उनके पक्ष में गई। जब मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी के भीतर मतभेद बढ़ने लगे तो कांग्रेस नेतृत्व ने वरिष्ठ नेता एके एंटनी से राय मांगी। सोनिया गांधी के भरोसेमंद माने जाने वाले एंटनी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जमीनी स्तर पर वीडी सतीशन को ज्यादा समर्थन हासिल है। बताया जाता है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बीच इस विषय पर चर्चा हुई, जिसके बाद पार्टी नेतृत्व ने अपना फैसला बदल लिया। एंटनी की राय के बाद राहुल गांधी भी सतीशन के नाम पर सहमत हो गए।

एके एंटनी का कांग्रेस संगठन में प्रभाव लंबे समय से कायम है। यूपीए सरकार के दौरान वह रक्षा मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर रह चुके हैं। केरल की राजनीति में भी उनका लंबा अनुभव रहा है और वह राज्य के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ओमान चांडी को राज्य की कमान सौंपी गई थी।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि एंटनी की राय आज भी कांग्रेस नेतृत्व में बेहद अहम मानी जाती है। इसका उदाहरण 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद बनी ÷एके एंटनी कमेटी÷ भी रही, जिसने पार्टी की हार पर समीक्षा रिपोर्ट तैयार की थी। उस रिपोर्ट में कहा गया था कि कांग्रेस पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का आरोप लगा और इससे हिंदू मतदाताओं के बीच दूरी बनी। माना जाता है कि इसी रिपोर्ट के बाद कांग्रेस ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए सॉफ्ट हिंदुत्व की लाइन अपनाई थी।

# कैदियों का पार्सल रोकना या देरी करना अब स्टाफ की मर्जी नहीं, जवाबदेही होगी

**-दिल्ली की जेलों में अब जेल प्रशासन की मनमानी पर लगेगी लगाम**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की जेलों में अब कैदियों के पार्सल को लेकर जेल प्रशासन की मनमानी और प्रक्रिया में होने वाली अनियमितताओं पर पूरी तरह लगाम लग जाएगी। जेल मुख्यालय ने एक बेहद सख्त और व्यापक सर्कुलर जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि पार्सल की जांच और वितरण में अब किसी भी स्तर पर पारदर्शिता से समझौता नहीं होगा। नए दिशा-निर्देशों का सीधा संदेश है कि पार्सल रोकना या उसमें देरी करना अब स्टाफ की मर्जी का खेल नहीं, बल्कि जवाबदेही होगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जेल प्रशासन के संज्ञान में समय-समय पर ऐसी बातें आती रही हैं जहां पार्सल प्राप्त करने की प्रक्रिया में देरी या अस्पष्टता के कारण कैदियों और उनके स्वजन को असुविधा का सामना करना पड़ता था। कई बार सुरक्षा जांच के नाम पर पार्सल लंबे समय तक लंबित रहते थे। अब पार्सल केवल निचले स्तर के कर्मियों द्वारा नहीं जांचे जाएंगे। डिप्टी सुपरिटेंडेंट स्तर के अधिकारी की व्यक्तिगत मौजूदगी में ही पार्सल खोला जाएगा। इससे जांच की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

जेल के वेलफेयर ऑफिसर को जिम्मेदारी दी गई है कि वे हर हफ्ते पार्सल रजिस्टर की जांच करें। उन्हें यह रिपोर्ट देनी होगी कि किसी भी कैदी को उसके सामाजिक या आर्थिक आधार पर पार्सल सुविधा से वंचित तो नहीं किया जा रहा। यदि किसी पार्सल को सुरक्षा कारणों से अस्वीकार किया जाता है या उसमें देरी होती है, तो जेल अधीक्षक को इसका ठोस कारण लिखित में दर्ज करना होगा। अब मौखिक आदेशों पर पार्सल नहीं रोके जा सकेंगे। यदि पार्सल में कोई भी प्रतिबंधित वस्तु पाई जाती है, तो उसे तुरंत जब्त कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ड्रग्स के संदेह की स्थिति में पार्सल का अनिवार्य रूप से एक्सरे स्कैन कराया जाएगा। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रशासन ने आदेश दिया है कि पार्सल में आने वाली हर छोटी-बड़ी वस्तु का विवरण कैदी संपत्ति रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।



# अंतिम कार्य दिवस पर समय से पहले बंद मिला बांदोला का राजकीय प्राथमिक विद्यालय

## मिड-डे मील नहीं बनने से बच्चों का हक भी छीना

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत उजागर करती एक गंभीर घटना में आज सत्र के अंतिम कार्य दिवस पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बांदोला निर्धारित समय से पहले बंद मिला। जब मीडिया टीम मौके पर पहुंची तो विद्यालय के कमरों पर ताले लटके हुए थे और परिसर पूरी तरह सुनसान नजर आया। न तो कोई शिक्षक मौजूद था और न ही किसी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधि संचालित होती दिखाई दी।

स्थानीय ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज विद्यालय में बच्चों के लिए बनने वाला मिड-डे मील (स्थानीय भाषा में 'प्रसार') भी तैयार नहीं किया गया। इससे न



केवल बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई, बल्कि सरकार द्वारा संचालित पोषण योजना का लाभ भी विद्यार्थियों तक नहीं पहुंच सका। ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधे तौर पर बच्चों के अधिकारों और सरकारी योजनाओं की अनदेखी है।

### ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में इस प्रकार की अनियमितताएं कोई नई बात नहीं हैं। उनका आरोप है कि: विद्यालय कई बार समय से पहले बंद कर दिया जाता है। मिड-डे मील नियमित रूप से नहीं बनता। शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर लगातार शिकायतें रहती हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद संबंधित अधिकारी प्रभावी कार्रवाई नहीं करते। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पूर्व में भी इस संबंध में अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थिति में कोई ठोस सुधार देखने को नहीं मिला।

### शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। इसके बावजूद यदि अंतिम कार्य दिवस पर विद्यालय बंद मिले और बच्चों के लिए भोजन तक न बनाया जाए, तो यह शिक्षा तंत्र की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

### जांच और कठोर कार्रवाई की मांग

स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जहाजपुर, जिला शिक्षा अधिकारी भीलवाड़ा और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले शिक्षकों और जिम्मेदार कार्मिकों के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की जाए।

### बड़ा सवाल

जब बच्चों की पढ़ाई और पोषण दोनों से समझौता किया जा रहा हो, और शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न हो, तो आखिर जिम्मेदार कौन है? अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों पर वास्तव में कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं

# जिले में जनगणना 2027 का आगाज

## 4163 प्रगणक घर-घर जाकर जुटाएंगे आंकड़े: 28 हजार से अधिक लोगों ने की स्व-गणना

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत फील्ड कार्य का शुभारंभ शनिवार से कर दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को सुचारु, प्रभावी एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली गई थीं।

जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित स्व-गणना अभियान के अंतर्गत जिले के लगभग 28,809 नागरिकों द्वारा स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कराई गई, जो आमजन की सक्रिय सहभागिता एवं जागरूकता का परिचायक है।

जिले की कुल 4568 इन्यूमरेशन ब्लॉक में जनगणना कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसके लिए 4163 प्रगणकों को नियुक्त किया गया है। साथ ही कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु 707 पर्यवेक्षकों को लगाया गया है। सभी कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर



कार्य हेतु नियुक्त किया गया है।

जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करते हुए प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे जनगणना कार्य निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके। नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# 'जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान 18 से 25 तक: जनजातीय योजनाओं पर होगा फोकस

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय की ओर से 18 मई से 25 मई 2026 तक 'जनजाति गरिमा उत्सव' आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य जनजातीय समुदाय का उत्थान करना और सरकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना है। उत्सव के तहत जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की ओर से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि 18 से 25 मई तक धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित गांवों में 'जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले' थीम पर लाभार्थी सैचुरेशन कैंप लगाए जाएंगे। शिविरों में आदि सेवा केन्द्रों के माध्यम से जनजाति वर्ग को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी के अनुसार अभियान के तहत चयनित जिले के 7 ब्लॉक के 141 राजस्व ग्रामों में ग्राम उत्कर्ष कार्ययोजना निर्धारण, स्वास्थ्य शिविर आयोजन, जनसुनवाई, जनजागरण, जनसंवाद व जनसहभागिता और सेवाओं का संतृप्तिकरण सहित विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा !! आयोजन को लेकर जिला स्तर पर अधिशासी अभियंता रामलाल भील को नोडल अधिकारी मनोनीत किया गया हैं।

# स्मार्ट हलचल की खबर का असर: बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य कराने पर बिजली विभाग हरकत में, ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई शुरू

स्मार्ट हलचल

स्मार्ट हलचल में प्रकाशित खबर के बाद बिजली विभाग हरकत में आ गया है। बिना सुरक्षा उपकरणों के विद्युत पोल पर चढ़कर कार्य कर रही एफआरटी टीम की खबर को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने बताया कि संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु नोटिस जारी किया गया है। साथ ही सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदार के साथ बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में सभी कर्मचारियों को हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट, इंसुलेटेड



एफआरटी की बड़ी लापरवाही: बिना सुरक्षा उपकरणों के बिजली पोल पर चढ़कर किया कार्य, कर्मचारियों की जान खतरे में

ग्लव्स सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं और उनका उपयोग अनिवार्य रूप से कराया जाए।

उल्लेखनीय है कि स्मार्ट हलचल ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर जहाजपुर क्षेत्र में एफआरटी टीम के कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ हो रही गंभीर लापरवाही को उजागर किया था। खबर में एक कर्मचारी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ऊंचे बिजली पोल पर चढ़कर कार्य करता दिखाई दिया था, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी।

समाचार प्रकाशित होने के बाद विभागीय अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की। स्थानीय नागरिकों ने इसे सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि मीडिया की सजगता से कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस पहल हुई है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले ठेकेदारों और संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# 14 साल से फरार 5 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | बिजौलिया (भीलवाड़ा)

जिले की बिजौलिया थाना पुलिस ने डकैती के एक पुराने मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 14 साल से फरार चल रहे एक इनामी डकैत को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी शंकरनाथ अपना नाम और ठिकाना बदलकर पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक ने इस शातिर वांछित अपराधी पर 5000 रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। पुलिस ने पुख्ता सूचना के आधार पर उसे बूंदी जिले के तालेड़ा से एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान धर दबोचा।

थानाधिकारी (पु.नि.) स्वागत पाण्ड्या ने बताया कि डकैती के प्रकरण में पिछले 14 वर्षों से वांछित आरोपी शंकरलाल उर्फ शंकरिया पुत्र मोहन नाथ कालबेलिया (मूल निवासी- बेबड़िया, थाना डाबी, जिला बूंदी) पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। इन दिनों वह अपनी पहचान छिपाकर किशनखेड़ी (थाना खानपुर, जिला झालावाड़) में रह रहा था।

मुखबिर की सूचना पर तालेड़ा में दबिश

जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारस जैन और मांडलगढ़ वृताधिकारी बाबूलाल विश्नोई के सुपरविजन में बिजौलिया थाना पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने आसूचना संकलन किया और मुखबिरों को सक्रिय किया। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि इनामी डकैत शंकरनाथ अपनी एक रिश्तेदार के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बूंदी जिले के तालेड़ा कस्बे में आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तालेड़ा में दबिश दी और आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

शंकरलाल उर्फ शंकरिया: पिता मोहन कालबेलिया, निवासी बेबड़िया, थाना डाबी (बूंदी), हाल मुकाम: बड़पू (डाबी) व किशनखेड़ी, थाना खानपुर (झालावाड़)।

# खेत पर पेड़ की टहनी काटते समय गिरने से किसान की मौत

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** क्षेत्र के झाबड़िया गांव में खेत पर कृषि कार्य के दौरान



एक किसान की गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भूरा मीणा पुत्र देवाराम मीणा निवासी झाबड़िया शुक्रवार दोपहर करीब 3:13 बजे अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान वह खेत की मेड पर खड़े नीम के पेड़ की टहनी काट रहे थे। बताया गया कि टहनी काटते समय अचानक संतुलन बिगड़ जाने से वह सिर के बल जमीन पर गिर गए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए जहाजपुर चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस थाना जहाजपुर में रिपोर्ट देकर पोस्टमार्टम करवाने की मांग की। इस पर शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एमआरपी के नाम पर हो रही लूट के खिलाफ जताई नाराजगी, सख्त कार्रवाई की मांग

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने उपभोक्ताओं और छोटे व्यापारियों से हो रही लूट के खिलाफ जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने बाजार में एमआरपी के नाम पर उपभोक्ताओं से की जा रही कथित लूट के विरोध में भीलवाड़ा जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। साथ ही केंद्र सरकार को उचित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने ध्यानाकर्षण करते हुए बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा एमआरपी निर्धारण पर कोई कड़ा नियंत्रण या स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं होने के कारण निर्माता कंपनियाँ मनमाने ढंग से वास्तविक लागत से कई गुना अधिक दाम प्रिंट कर रही हैं। संगठन



ने कहा विशेष रूप से दवाइयों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में एक ही उत्पाद अलग-अलग कीमतों पर बिक रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम की स्थिति बन रही है। कंपनियां अधिकतम खुदरा मूल्य बढ़ाकर अनुचित आर्थिक लाभ कमा रही हैं, जिसका सीधा असर आम और मध्यमवर्गीय परिवारों की जेब पर पड़ रहा है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत केंद्र सरकार से पुरजोर मांग करती है कि इस बेलगाम मुनाफाखोरी को रोकने के लिए तत्काल एक प्रभावी व सख्त कानून बनाया जाए। एमआरपी निर्धारण की एक पारदर्शी सीमा तय की जाए ताकि आम जनता और उपभोक्ताओं को इस संगठित लूट से राहत मिल सके। ज्ञापन में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष रोशन लाल तोतला, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण वैष्णव, शिव बाल्दी, सचिव प्रकाश चन्द माणमिया, सहसचिव भगवती लाल जोशी, रामराज वैष्णव, महेन्द्र शर्मा सहित संस्था के कई पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 60 मुकदमों का वांटेड अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार: दिल्ली से मुंबई तक बाइक से करता था सफर, रास्ते में बंद मकानों को बनाता था निशाना

स्मार्ट हलचल | रायला (भीलवाड़ा)

जिले की रायला थाना पुलिस ने चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए एक ऐसे शातिर अंतरराज्यीय चोर को गिरफ्तार किया है, जिस पर 60 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पकड़ा गया आरोपी जिम्मी उर्फ दीपक महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान में चोरी और नकबजनी की दर्जनों वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने उसे डूंगरपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर रायला के बंशी विहार में हुई चोरी का पर्दाफाश किया है।

दिनदहाड़े की थी लाखों की चोरी

रायला थानाधिकारी मूल चंद वर्मा ने बताया कि 11 जनवरी 2026 को बापूनगर (रायला) स्थित 24 बंशी विहार कॉलोनी निवासी अनिल कुमार जाट ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, शाम 5:00 बजे से 6:15 बजे के बीच मात्र सवा घंटे के भीतर अज्ञात चोरों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर 67,000 रुपये नकद, सोने का मांग टीका, सोने की 2 अंगूठियां, सोने की लौंग और बच्चों की चांदी की पायल व कड़े (करीब आधा किलो चांदी) पार कर लिए थे। पुलिस ने बीएनएस 2023 की धारा 331(3) और 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### डूंगरपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर हुआ गिरफ्तार

भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव (आईपीएस) के निर्देशानुसार, शाहपुरा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य और गुलाबपुरा वृताधिकारी जितेन्द्र सिंह के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। परंपरागत पुलिसिंग और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि रायला में चोरी करने वाला मुख्य आरोपी 'जिम्मी उर्फ दीपक' हाल ही में डूंगरपुर कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है और वहां न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में है। इस पर रायला पुलिस ने उसे डूंगरपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर प्राप्त किया। पूछताछ में उसने रायला में चोरी की वारदात करना कबूल कर लिया।

### दिल्ली-मुंबई हाइवे पर बाइक से करता था सफर, शौक के लिए करता था चोरी

पुलिस पूछताछ में इस शातिर चोर की वारदात के तरीके ने सबको चौंका दिया। आरोपी जिम्मी मोटरसाइकिल पर दिल्ली से मुंबई और मुंबई से दिल्ली तक की लंबी यात्राएं करता था। इस सफर के दौरान हाइवे पर आने वाले शहरों और गांवों में वह बंद मकानों की रैकी करता था और मौका मिलते ही ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देता था। चोरी से मिले पैसे और जेवरात वह महंगे शौक, मौज-मस्ती और नशे में उड़ा देता था।

### क्राइम कुंडली: 4 राज्यों में 60 मुकदमे दर्ज

गिरफ्तार आरोपी जिम्मी उर्फ दीपक (32) पुत्र बिपिन शर्मा मूल रूप से महाराष्ट्र के नंदूरबार (हाल मुकाम: किम, जिला सूरत, गुजरात) का रहने वाला है। वह नंदूरबार का घोषित हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, जिम्मी के खिलाफ महाराष्ट्र (नंदूरबार, धुले), गुजरात (नवसारी, सूरत, भरूच, तापी), हरियाणा (रेवाड़ी) और राजस्थान (उदयपुर, डूंगरपुर, भीलवाड़ा) के विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी और आर्म्स एक्ट के कुल 60 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम: श्री मूल चंद वर्मा (पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी रायला), श्री रघुनाथ लाल (स.उ.नि.), श्री श्याम सुन्दर (कांस्टेबल 2048), श्री घासी लाल (कांस्टेबल 901)

# पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण अभियान में मिली अनियमितताएं

## कम पेट्रोल देने और सत्यापन प्रमाण पत्र प्रदर्शित नहीं करने पर विभाग की सख्त कार्रवाई

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

सुमित गोदारा, उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशानुसार विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009 एवं राजस्थान विधिक माप विज्ञान प्रवर्तन नियम-2011 के तहत भीलवाड़ा जिले में पेट्रोल पंपों के विरुद्ध व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गठित विभागीय जांच दल ने जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर अनियमितताएं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की।

जांच दल द्वारा भीलवाड़ा जिले में ओम शांति फिलिंग स्टेशन, संतोष एचपी, श्री श्याम इंडियन ऑयल, सिद्धार्थ फिलिंग स्टेशन तथा जगदंबा एचपी रूपाहेली चौराहा, गुलाबपुरा-हुरड़ा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओम शांति फिलिंग स्टेशन एवं संतोष एचपी फिलिंग स्टेशन पर सत्यापन प्रमाण पत्र प्रदर्शित नहीं



पाए जाने पर उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार शास्ति लगाई गई। वहीं श्री श्याम इंडियन ऑयल के एक पेट्रोल नोजल से प्रति 5 लीटर पेट्रोल में 30 मिलीलीटर कम पेट्रोल दिया जाना पाया गया। संबंधित नोजल से प्रतिदिन लगभग 250 लीटर पेट्रोल की बिक्री होना पाया गया, जो मासिक रूप से लगभग 7500 लीटर होती है। इस आधार पर उपभोक्ताओं को प्रतिमाह लगभग 45 लीटर पेट्रोल कम दिया जाना पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4800 रुपये है। विभाग द्वारा संबंधित पेट्रोल पंप के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर शास्ति लगाई गई तथा संबंधित नोजल की बिक्री तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई।

इसी प्रकार 15 मई को जांच दल द्वारा जहाजपुर क्षेत्र के रॉयल पेट्रोल पॉइंट, गोयल पेट्रोलियम, दीपक पेट्रोलियम, कृष्ण मुरारी फिलिंग स्टेशन एवं शिव इंडियन ऑयल का निरीक्षण किया गया।

कृष्ण मुरारी फिलिंग स्टेशन पर सत्यापन प्रमाण पत्र प्रदर्शित नहीं पाए जाने पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर शास्ति लगाई गई।

दीपक पेट्रोलियम के दो पेट्रोल नोजलों पर प्रति 5 लीटर में 30 मिलीलीटर पेट्रोल कम देना पाया गया। इन दोनों नोजलों से प्रतिदिन लगभग 500 लीटर तथा प्रतिमाह लगभग 15 हजार लीटर पेट्रोल की बिक्री होना पाया गया। इस आधार पर उपभोक्ताओं को प्रतिमाह लगभग 90 लीटर पेट्रोल कम दिया जाना पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 9600 रुपये है। शिव इंडियन ऑयल के केएसके पर भी एक पेट्रोल नोजल से प्रति 5 लीटर में 30 मिलीलीटर पेट्रोल कम देना पाया गया। संबंधित नोजल से प्रतिदिन लगभग 192 लीटर पेट्रोल की बिक्री होना पाया गया, जो प्रतिमाह लगभग 5760 लीटर होता है। इस प्रकार उपभोक्ताओं को प्रतिमाह लगभग 35 लीटर पेट्रोल कम दिया जाना पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3700 रुपये है।

इन दोनों पेट्रोल पंपों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार शास्ति लगाई गई तथा संबंधित नोजलों को सीज कर बिक्री बंद करने के निर्देश दिए गए।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगामी दिनों में संपूर्ण राजस्थान में पेट्रोल पंपों की नियमित जांच जारी रहेगी तथा दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करना तथा आमजन को सही माप-तौल के साथ गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करना है।

# भीलवाड़ा साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: इन्वेस्टमेंट के नाम पर 27 लाख की ठगी करने वाला पूर्व बैंक कर्मी गिरफ्तार, खातों में पड़े 28.5 लाख रुपये कराए फ्रीज

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिला साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट और आईपीओ में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम (हरियाणा) निवासी एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो पूर्व में बैंक कर्मचारी रह चुका है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी के बैंक खातों में मौजूद ठगी की रकम से भी अधिक यानी 28,49,892 रुपये की राशि को तत्काल फ्रीज करवा दिया है।

### व्हाट्सएप ग्रुप और फर्जी ऐप के जरिए बिछाया जाल

साइबर थानाधिकारी आयुष श्रोत्रिय (आई.पी.एस. प्रो.) ने बताया कि भीलवाड़ा निवासी एक पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने खुद को सेबी रजिस्टर्ड बताते हुए पीड़ित को 'कोटक सिक्योरिटीज प्राइवेट मार्केट ट्रेडिंग' से जुड़े व्हाट्सएप ग्रुपों में जोड़ा। इसके बाद आईपीओ और शेयर ट्रेडिंग में



भारी मुनाफे का झांसा देकर उसका विश्वास जीत लिया।

ठगों ने पीड़ित को झांसे में लेने के लिए कई नाम से हूबहू असली जैसी दिखने वाली फर्जी मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करवाई। इसके बाद मोटी कमाई का लालच और मानसिक दबाव बनाकर 25 फरवरी से 30 मार्च 2026 के बीच पीड़ित और उसके परिवार के बैंक खातों से कुल 26,98,000 रुपये विभिन्न फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने पीड़ित की सहमति के बिना ही शेयर आवंटित दिखाकर और अतिरिक्त राशि की मांग शुरू कर दी। खुद के साथ धोखाधड़ी का अहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया।

### तकनीकी अनुसंधान से गुरुग्राम से दबोचा आरोपी

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (त्वरित अनुसंधान दल) हेमंत नोगिया के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक रामशरण के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, बैंक ट्रांजैक्शन और डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर संदिग्धों को ट्रैक किया।

पुलिस टीम ने हरियाणा के गुरुग्राम में दबिश देकर आरोपी आदित्य कुमार (21 वर्ष) पुत्र सूरज कुमार को हिरासत में लिया और गहन पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी पूर्व में बैंक कर्मचारी रह चुका है, जिसके कारण उसे बैंकिंग सिस्टम, फर्जी खाते (म्यूल अकाउंट्स) ऑपरेट करने और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की गहरी समझ थी।

इस साइबर फ्रॉड का पर्दाफाश करने और पीड़ित की रकम सुरक्षित फ्रीज करवाने वाली टीम में पुलिस निरीक्षक रामशरण, कांस्टेबल बाबूलाल और कांस्टेबल प्रभुराम शामिल रहे। पुलिस अब आरोपी से गिरोह के अन्य सदस्यों और देश भर में किए गए अन्य साइबर फ्रॉड के बारे में पूछताछ कर रही है।

# प्रदेश एनएसयूआई यूथ कांग्रेस के पारस गुर्जर का रायपुर में भव्य स्वागत



स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** रायपुर कस्बे में शनिवार को एनएसयूआई यूथ कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पारस गुर्जर का दौरा क्षेत्र में रहा जहां गुर्जर ने प्रदेश में चल रहे युथ चुनाव को लेकर कार्यकर्ता के साथ स्नेहमिलन आयोजित किया गया । जिसमें क्षेत्र के युवाओं द्वारा रायपुर बस स्टैंड पर तथा बोराणा में माला एवं साफा बंधवा कर पारस गुर्जर का भव्य स्वागत अभिन्दन किया इस दौरान गुर्जर ने बताया है कि राजनीति में नए युवा आगे बड़े यही हमारी नीतियां हैं इस दौरान संपत गुर्जर उदय लाल गुर्जर छगु लाल प्रभु गुर्जर, गोरधन गुर्जर किशन गुर्जर केसु गुर्जर अर्जुन गुर्जर, सहित समाज के कई सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

## शाहपुरा में नई टंकी से जलसंकट तो टला, लेकिन हाई प्रेशर से फटीं पुरानी पाइपलाइनें सड़कों पर बहा पानी

### अधिशाषी अभियंता मयंक शर्मा ने टीम के साथ संभाला मोर्चा, तत्परता से दुरुस्त कराए फॉल्ट ग्रामीणों ने प्रशासन व विधायक का जताया आभार

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)**। शाहपुरा-कस्बे में लंबे समय से चली आ रही पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए जलदाय विभाग द्वारा बनाई गई नई पानी की टंकी आखिरकार शुरू हो गई है। नई टंकी के चालू होने से जहाँ आम जनता को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी है, वहीं तकनीकी तौर पर पहले ही दिन एक नई मुसीबत भी सामने आ गई। जैसे ही नई टंकी से जलापूर्ति (सप्लाई) शुरू की गई, पानी के भारी दबाव (हाई प्रेशर) के कारण कस्बे की पुरानी पाइपलाइनें जवाब दे गईं। देखते ही देखते कई मोहल्लों में पाइपलाइनें फॉल्ट हो गईं और मुख्य सड़कों व गलियों में भारी मात्रा में पानी बहने लगा।



सप्लाई शुरू होते ही जगह-जगह लीकेज और पाइपलाइन फटने की सूचना जैसे ही जलदाय विभाग को मिली, विभाग तुरंत एक्शन मोड में आ गया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता मयंक शर्मा बिना समय गंवाए अपनी तकनीकी टीम को साथ लेकर खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का सघन दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। एक्सईएन शर्मा ने स्वयं कड़े धूप और चुनौतीपूर्ण हालातों में मौके पर मौजूद रहकर तकनीकी स्टाफ से फॉल्ट को दुरुस्त कराया। उन्होंने कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जब तक पानी का प्रेशर पूरी तरह स्थिर नहीं हो जाता, तब तक क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग जारी रखी जाए ताकि दोबारा ऐसी स्थिति न बने।

### वर्षों पुरानी पाइपलाइनें नहीं झेल पाईं भारी दबाव

जलदाय विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस समस्या का मुख्य कारण कस्बे में बिछी वर्षों पुरानी पाइपलाइनें हैं। नई टंकी की ऊंचाई और क्षमता अधिक होने के कारण हाइड्रोस्टेटिक प्रेशर अचानक बढ़ गया, जिसे ये जर्जर लाइनें सहन नहीं कर पाईं और उनके कमजोर जोड़ों (छ्वश्चद्वठ्ठह्लह्य) से भारी रिसाव शुरू हो गया। हालांकि, विभाग की मुस्तैदी और तत्परता के चलते कई बड़े लीकेजों को महज कुछ ही घंटों के भीतर काबू कर लिया गया और प्रभावित इलाकों में स्थिति को नियंत्रित कर जनता को राहत पहुंचाई गई।

### ग्रामीणों ने जताया आभार, जल्द कार्य पूर्ण करने की मांग

इस ऐतिहासिक सौगात और त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। स्थानीय लोगों ने 'टंकी बचाओ संघर्ष समिति', क्षेत्रीय विधायक, प्रशासनिक अधिकारियों सहित जलदाय विभाग के अधिकारियों के प्रति सामूहिक रूप से आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे और इस नई टंकी से उन्हें हमेशा के लिए राहत मिलेगी। इसके साथ ही सजग नागरिकों ने मांग की है कि पाइपलाइन सुधार के बचे हुए कार्य भी युद्धस्तर पर जल्द पूरे किए जाएं, ताकि भविष्य में पानी की एक भी बूंद व्यर्थ न बहे।

## अष्टदिवसीय 'लाइफ चेंजिंग शिविर - 3' का शुभारंभ गुरुपन्ना की पुण्यधरा बिजयनगर में कल से

### देशभर से 750 बालक बालिकाएं शिविर में करेंगे शिरकत

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** बच्चों एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास, श्रेष्ठ संस्कारों के संवर्धन एवं आध्यात्मिक जागृति के उद्देश्य से अष्टदिवसीय 'लाइफ चेंजिंग शिविर - 3' का आयोजन दिनांक 17 मई से 24 मई 2026 तक प्राज्ञ इंटरनेशनल स्कूल परिसर, विजयनगर में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन अखिल भारतीय नानक जैन श्रावक समिति एवं अखिल भारतीय प्राज्ञ जैन युवा मण्डल, विजयनगर के तत्वावधान में संपन्न होगा। मीडिया प्रभारी अमित लोढ़ा ने बताया कि इस शिविर में संघनायक पूज्य गुरुदेव श्री प्रियदर्शन मुनि जी म.सा. आदि ठाणा 3 एवं साध्वी प्रमुखा श्री कमल प्रभा जी म.सा. आदि ठाणा 8 का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। गुरुभगवंतों के सान्निध्य में बच्चों को जैन संस्कृति,



नैतिक जीवन, अनुशासन, गुरु भक्ति एवं आत्मचिंतन की प्रेरणा मिलेगी।

शिविर के माध्यम से बच्चों को यह समझाने का प्रयास किया जाएगा कि जीवन में सफलता केवल शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, सकारात्मक विचार, आत्मविश्वास एवं संयमित जीवनशैली से प्राप्त होती है। साथ ही बच्चों को मोबाइल एवं सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बचते हुए समय का सदुपयोग करने तथा परिवार एवं समाज के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा भी दी जाएगी।शिविर के दौरान प्रतिदिन योग सत्र,

प्रार्थना सत्र, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताओ का आयोजन भी किया जाएगा।शिविर में देश के सुप्रसिद्ध जैन मोटिवेशनल स्पीकरो की वार्ताओं का आयोजन भी किया जाएगा। शिविर में देशभर से अभी तक 750 बच्चों का पंजीयन हो चुका है।

आयोजन समिति ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, श्रेष्ठ चरित्र निर्माण एवं संस्कारित जीवन हेतु उन्हें इस शिविर में भाग लेने के लिए अवश्य प्रेरित करें। शिविर तैयारियों को लेकर विजयनगर प्राज्ञ संघ ,प्राज्ञ युवा मंडल, प्राज्ञ महिला मंडल, प्राज्ञ बहु बालिका मंडल के पदाधिकारीयो ने शुक्रवार को प्राज्ञ भवन में मीटिंग का आयोजन कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप प्रदान किया।

## क्रीडा भारती भीलवाड़ा महानगर द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

### बालक वर्ग में 'भगत सिंह टीम' व बालिका वर्ग में लक्ष्मी बाई टीम रही विजेता

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** क्रीड़ा भारती भीलवाड़ा महानगर के तत्त्वावधान मे 'खेल कबड्डी गांव की मिट्टी से ओलम्पिक की मेट की ओर' अभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वार्ड नं. 8 में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसके पश्चात् क्रीडा भारती महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र काबरा ने बताया कि क्रीडा भारती द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित की जा कबड्डी





प्रतियोगिता के क्रम मे महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय वार्ड संख्या 8 में प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 10 से 14 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की कुल 6 टीमों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के इस कार्यक्रम में क्रीडा भारती चित्तौड़ प्रांत के उपाध्यक्ष मदन माली, जिलाध्यक्ष मायाकान्त, संरक्षक चैनसुख टेलर, क्रीडा केन्द्र प्रमुख विश्वजीत सिंह, विधायक प्रतिनिधि एवं एसएमसी सदस्य अमित काबरा सहित क्रीडा भारती सदस्य निर्मल बाफना, अनिल मोतियानी, श्रेयांस नाहर ने सभी खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता मे बालक वर्ग में 'भगत सिंह टीम' विजेता रही जबकि 'चारभुजा टीम' द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता रही। इसी प्रकार बालिका वर्ग में लक्ष्मी बाई टीम विजेता रही जबकि रिद्धिमा टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता मे सभी खिलाड़ियों द्वारा उत्साह एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। विद्यालय की संस्था प्रधान मोनिका व्यास के साथ ही अध्यापिका पूजा शर्मा, सोनिया, हर्षिता, सुनिता एवं गरिमा द्वारा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया गया। कार्यक्रम के अंत में आगँतुक अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को स्मृति चिन्ह एवं मोमेंटो भेंट करते हुए खेलों के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित एवं राष्ट्रहित के प्रति जागरूक बनने का संदेश देने के साथ ही विद्यालय प्रधानाचार्या मोनिका व्यास द्वारा सभी आगँतुको का आभार व्यक्त किया गया। प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका शारीरिक शिक्षक राजेंद्र काबरा ने निभाई।

## देवीपुरा में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव पंचायतन की मूर्ति प्रतिष्ठा संपन्न, उमड़े श्रद्धालु

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** बरूंदनी के समीप स्थित नवसृजित ग्राम पंचायत देवीपुरा में शिव परिवार की मूर्ति स्थापना का दो दिवसीय धार्मिक आयोजन बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ संपन्न हुआ। पंडित सतीश पंचोली के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव, माता पार्वती, श्री गणेश, भगवान कार्तिकेय और नंदी महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत कई धार्मिक अनुष्ठान किए गए। सबसे



पहले भगवान की मूर्तियों को पवित्र करने के लिए अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास (फूला दिवास) और फलाधिवास कराया गया। इसके पश्चात वैदिक ऋचाओं के बीच सहस्त्रधारा अभिषेक और विशाल हवन-पूजन संपन्न हुआ।

सैकड़ों श्रद्धालुओं की जय-जयकार के बीच शिव पंचायतन देवता की मूर्ति को पूरे विधि-विधान से उनके आसन पर विराजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर भगवान की महाआरती उतारी गई और उपस्थित सभी भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया।

इस भक्तिमय आयोजन के दौरान गांव का माहौल पूरी तरह से शिवमय हो गया। मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य रूप से नारायण जाट, गणेश जाट, भगवान जाट, शिव जाट, सत्यनारायण वैष्णव, भंवर जाट, शंकर जाट और गोपाल जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

## व्यापार महासंघ संस्थान की वार्षिक बैठक संपन्न

### सुनील जागेटिया पुनः अध्यक्ष एवं राजकुमार बज मंत्री निर्वाचित

स्मार्ट हलचल| निम्बाहेड़ा

व्यापार महासंघ संस्थान की वार्षिक बैठक उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों एवं व्यापारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की गतिविधियों, व्यापारिक समस्याओं तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक ब्रजेश सिंह, सर्कल इंस्पेक्टर प्रेम सिंह एवं जीएसटी इंस्पेक्टर संतोष मेनारिया अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से सुनील जागेटिया को पुनः व्यापार महासंघ संस्थान का अध्यक्ष चुना गया, जबकि मंत्री पद पर राजकुमार बज को पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई। सुनील जागेटिया के नाम का प्रस्ताव आते ही उपस्थित व्यापारियों



ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। व्यापारियों ने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन ने व्यापारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाया तथा संगठन को नई दिशा मिली है। पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सुनील जागेटिया ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत एवं व्यापारियों को एकजुट रखने का संकल्प भी दोहराया। संस्थान के सचिव प्रतीक बोहरा ने गत कार्यकाल में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए आगामी योजनाओं एवं व्यापारियों के हित में किए जाने वाले कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। वहीं कोषाध्यक्ष सुनील कोठारी ने संस्थान का वार्षिक आय-व्यय ब्यौरा सभा के समक्ष रखा।

बैठक में संरक्षक मंडल के सदस्य सुरेश जैन, नंदलाल बिलोची, विनोद मलखानी एवं अनिल सेठिया ने संगठन की एकता एवं व्यापारियों के हितों को सर्वोपरि रखने पर जोर दिया। संयोजक राजेश विरानी एवं किरण डांगी ने भी व्यापारिक एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया।

इस दौरान मनीष बांगर, ऋषभ डांगी, प्रमोद काबरा, राजेश सेठिया, सुरेश चेचानी, हरीश गुरनानी, गोविंद पटवा, प्रहलाद पटवा, रफीक नागौरी, पिंटू मोदी, जयप्रकाश वगनी एवं संजय शर्मा सहित कई व्यापारियों ने अपने विचार व्यक्त कर संगठन के नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने संगठन की एकता बनाए रखने एवं व्यापारिक हितों के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। लोकेंद्र भड़कतिया ने सभी उपस्थित व्यापारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भोजन के लिए आमंत्रित किया। बैठक में राजू वेद, मुकेश जाट, जगदीश जाट, राधेश्याम अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, शरद नामधर, मुकेश मूंदड़ा, बसंत गोयल, मुकेश आगल, अनिल पटवारी, विशाल सरप्रिय, राजू नाहटा, मुकेश वेद, मोहम्मद अली हुसैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## आसावरा माता मंदिर परिसर में बनेगा 9 लाख का हॉल

### मुंबई के व्यवसायी बद्रीलाल मालू व रोशनलाल मालू ने की घोषणा, श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

स्मार्ट हलचल

**बड़ीसादड़ी।** बांसी-बोहेड़ा रेलवे स्टेशन के निकट स्थित प्रसिद्ध आसावरा माता मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक नए हॉल का निर्माण कराया जाएगा। बांसी के मूल निवासी एवं



समाजसेवी रोशन लाल मालू

मुंबई के प्रतिष्ठित व्यवसायी व श्री सांवलिया होम एलएलपी के डायरेक्टर बद्रीलाल मालू तथा रोशनलाल मालू ने शनिवार को अपनी माताजी मांगी बाई की पुण्य स्मृति में 9 लाख रुपए की लागत से हॉल निर्माण कराने की घोषणा की। आसावरा माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष चमनसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि मालू परिवार लंबे



समय से समाजसेवा एवं सनातन धर्म से जुड़े कार्यों में बड़े स्तर पर सहयोग करता आ रहा है। हाल ही में मालू परिवार की ओर से बांसी में विशाल श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन करवाया गया था, जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की सुन्दर व्यवस्था की गई थी। मंदिर परिसर में हॉल निर्माण की घोषणा से ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों में भारी खुशी का माहौल है। इस दौरान ट्रस्ट के देवकिशन व्यास, पूर्व सीबीईओ हीरालाल शर्मा, भेरूलाल मेनारिया, फतहलाल मेनारिया, राजेन्द्र प्रसाद ओझा एवं मांगीलाल व्यास ने मालू परिवार को मंदिर ट्रस्ट की गतिविधियों एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। व्यवसायी व समाजसेवी रोशनलाल मालू ने माता आसावरा के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया तथा कहा कि वे करीब 50 वर्ष पूर्व इस स्थान पर आए थे। उस समय की तुलना में वर्तमान में मंदिर परिसर का हुआ विकास एवं कायाकल्प देखकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि आसावरा माता के प्रति उनकी गहरी आस्था रही है और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार होना अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह हॉल भविष्य में धार्मिक आयोजनों, सत्संग एवं श्रद्धालुओं की सेवा के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी मंदिर एवं क्षेत्र के धार्मिक और जनकल्याणकारी कार्यों में यथा संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उन्हें अन्नपूर्णा समिति द्वारा यहां आने वाले बीमारों एवं उनके परिजनों के लिए संचालित निःशुल्क भोजन व्यवस्था की जानकारी दी। इस पर मालू ने कहा कि अन्नदान से बड़ा कोई दान नहीं होता और जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

## शनि अमावस्या पर श्रीचारभुजानाथ दरबार में उमड़ा जनसैलाब

### 43 लाख की भेंट राशि, सोना-चांदी के आभूषण चढ़े, तपती धूप में नंगे पांव पहुंचे हजारों श्रद्धालु

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** मेवाड़ अंचल की आस्था का प्रमुख केंद्र श्रीचारभुजानाथ मंदिर शनिवार को शनि अमावस्या पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम बना नजर आया। अलसुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई जो शयन आरती तक जारी रही। भीलवाड़ा सहित आसपास के कई जिलों और गांवों से हजारों श्रद्धालु भगवान श्रीचारभुजानाथ के दर्शन के लिए कोटड़ी पहुंचे।

भीषण गर्मी और तपती धरती के बावजूद भक्तों की आस्था में कोई कमी दिखाई नहीं दी। कई श्रद्धालु नंगे पांव पैदल यात्रा कर मंदिर पहुंचे और प्रभु के दरबार में मत्था टेककर अपनी मनोकामनाएं मांगी। दोपहर की तेज धूप में भी मंदिर मार्ग पर 'जय श्रीचारभुजानाथ' के जयकारे लगातार गूंजते रहे।

श्रद्धालुओं का कहना था कि भगवान के प्रति उनकी आस्था ही उन्हें इतनी गर्मी में भी यहां तक खींच लाती है। मंदिर परिसर में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित हर आयु वर्ग के श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। दर्शन के लिए घंटों इंतजार करने के



बावजूद भक्तों के चेहरों पर उत्साह और भक्ति का भाव साफ नजर आया।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हुआ विशेष अभिषेक व श्रृंगार

शनि अमावस्या के विशेष अवसर पर सुबह मंदिर में भगवान श्रीचारभुजानाथ का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दूध, पंचामृत और सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान को स्वर्णजड़ित आभूषणों एवं आकर्षक पोशाक से विशेष श्रृंगार धारण कराया गया। महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर घंटियों, शंखध्वनि और जयकारों से भक्तिमय हो उठा। आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक आयोजन और भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा।

### भेंट पात्र खुलते ही गूंज उठा मंदिर परिसर

दोपहर में मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्यामसुंदर चेचाणी एवं ट्रस्ट पदाधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर परिसर में रखे भेंट पात्र श्रद्धालुओं की उपस्थिति में खोले गए। जैसे ही भेंट राशि का ढेर सामने आया, पूरा परिसर 'श्रीचारभुजानाथ की जय' के जयकारों से गूंज उठा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से भेंट राशि की गिनती की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि भेंट पात्र एवं रसीदों के माध्यम से कुल 43 लाख 35 हजार 988 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में 1ग्राम सोना एवं 565 ग्राम चांदी के आभूषण भी अर्पित किए। सभी भेंट सामग्री का ट्रस्ट अभिलेखों में विधिवत इंद्राज किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों से मंदिर के भेंट पात्रों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल है।

### श्रद्धालुओं ने धान, प्रसाद और अगरबत्ती चढ़ाई

दिनभर श्रद्धालु हाथों में धान की थैली, प्रसाद और अगरबत्ती लेकर मंदिर पहुंचते रहे। कई भक्त परिवार सहित भगवान के चरणों में धान की मुट्ठी अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए। मंदिर परिसर में क्षेत्रीय भजन कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते दिखाई दिए।

### भक्तों की सुविधा के लिए प्रशासन और ट्रस्ट रहा मुस्तैद

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट एवं स्वयंसेवकों द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गईं। दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग, पेयजल और छाया की व्यवस्था की गई। ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए दिनभर व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी। कस्बे के कई समाजसेवियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं विश्राम की भी व्यवस्था की गई।

### बाजारों में दिखी रौनक, व्यापारियों के चेहरे खिले

अमावस्या पर उमड़ी भीड़ से कोटड़ी कस्बे के बाजारों में भी विशेष चहल-पहल देखने को मिली। किराना, कपड़ा, आभूषण, जूते-चप्पल, प्रसाद, स्टेशनरी एवं अन्य दुकानों पर दिनभर खरीदारों की भीड़ रही। व्यापारियों ने इसे लंबे समय बाद मिला अच्छा व्यापारिक अवसर बताया।

### आस्था और विश्वास का केंद्र बना कोटड़ी

शनिअमावस्या पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि श्रीचारभुजानाथ के प्रति लोगों की आस्था लगातार बढ़ रही है। तपती धूप, लंबी कतारें और कठिन परिस्थितियां भी श्रद्धालुओं के विश्वास को डिगा नहीं सकीं। दिनभर कोटड़ी कस्बा भक्ति, सेवा और आस्था के रंग में रंगा नजर आया।

## श्री बाणमाता शक्तिपीठ में से 5 लाख 98 हजार रुपये निकले



स्मार्ट हलचल|लाडपुरा

कस्बे के प्रसिद्ध श्री बाणमाता शक्तिपीठ पर शनि अमावस्या के पावन अवसर पर मंदिर का दानपात्र खोला गया। दानपात्र से कुल 5 लाख 98 हजार 24 रुपये की सहयोग/भेंट राशि प्राप्त हुई है।

जानकारी के अनुसार, श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में शक्तिपीठ परिसर में होने वाले विभिन्न नवनिर्माण कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और विकास कार्यों की आगामी रूपरेखा तैयार की गई। इसी बैठक के दौरान मंदिर प्रबंध समिति और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में दानपात्र खोलकर राशि की गिनती की गई।

इस अवसर पर विकास संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष लादू लाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़ और महामंत्री अमित कुमार जोशी सहित संस्थान के अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### कोटा मंडल की पटरियों पर पूरी हुई ऐतिहासिक परीक्षण यात्रा

# 180 किमी/घंटा पर वंदे भारत ट्रेनसेट का सफल अंतिम परीक्षण

## आरसीएफ कपूरथला निर्मित अल्सटॉम-प्रणोदन 16-कार वंदे भारत रेक का 21 दिवसीय परीक्षण क्रम सफलतापूर्वक संपन्न

स्मार्ट हलचल | कोटा

कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे के लिए आज का दिन गर्व और उपलब्धि का दिन है। रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ), कपूरथला द्वारा निर्मित एवं अल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड की अत्याधुनिक ट्रेन नियंत्रण एवं प्रणोदन प्रणाली से सुसज्जित 16-कार वंदे भारत ट्रेनसेट का परीक्षण क्रम 16 मई 2026 को सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया। 27 अप्रैल 2026 से प्रारंभ यह परीक्षण श्रृंखला 21 दिनों तक कोटा मंडल के विभिन्न रेल खंडों पर संचालित रही।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि यह परीक्षण भारतीय रेलवे के अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ), लखनऊ के निदेशक (परीक्षण) श्री संदीप गुप्ता एवं सहायक अनुसंधान अभियंता श्री धीरेन्द्र कुलश्रेष्ठ की देखरेख में संपन्न हुआ। परीक्षण के अंतर्गत 16-कार रेक को लदी एवं खाली दोनों अवस्थाओं में, आर्द्र एवं शुष्क ट्रैक की परिस्थितियों में तथा विभिन्न वक्राकार मार्गों पर 180 किमी प्रति घंटे की गति तक परखा गया। इसमें दोलन, झटके एवं कंपन सहित समस्त तकनीकी मानकों का परीक्षण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया गया।



परीक्षण के दौरान 180 किमी प्रति घंटे की गति पर आपातकालीन ब्रेकिंग दूरी परीक्षण (सर्विस ब्रेक सहित), आपातकालीन ब्रेकिंग तापीय क्षमता परीक्षण तथा विजीलेंस कंट्रोल डिवाइस परीक्षण भी सफलतापूर्वक सम्पन्न किए गए। 180 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति का परीक्षण कोटा-चौमहला-रवांजना डूंगर-कोटा खंड पर किया गया।




इस ऐतिहासिक परीक्षण का संचालन कोटा मंडल के अनुभवी दल द्वारा किया गया, जिसमें लोको पायलट श्री विपिन कुमार सिंह, सहायक लोको पायलट श्री हरनाम सिंह, मुख्य लोको निरीक्षक श्री वाई. के. शर्मा, यातायात निरीक्षक श्री सुशील कुमार जेठवानी तथा ट्रेन प्रबंधक श्री आर. डी. मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इनके साथ अल्सटॉम की विशेषज्ञ तकनीकी टीम ने परीक्षण के प्रत्येक चरण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। यह परीक्षण श्रृंखला स्वदेशी निर्माण क्षमता एवं वैश्विक प्रौद्योगिकी के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो भारतीय रेल को अर्धउच्च गति परिवहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगी।

# सिर पर तीन वार झेलकर भी व्यापारी ने लुटेरे को दबोचा

## ग्राहक बनकर आए आरोपी ने किया हमला

स्मार्ट हलचल



**भवानीमंडी।** नेहरू पार्क स्थित एक बांस-बल्ली की दुकान पर शनिवार सुबह व्यापारी पर जानलेवा हमला कर चेन स्नेचिंग का प्रयास किया गया। किंतु व्यापारी ने बहादुरी से मुकाबला करते हुए परिजनों की मदद से आरोपी को पकड़ दिया जानकारी अनुसार आरोपी निर्मल मीणा उर्फ मुन्ना ने अर्थी के लिए बांस मांगने के बहाने दुकान में प्रवेश किया और व्यापारी नवीन पिरोदिया पर लठ से ताबड़तोड़ तीन वार कर दिए।

हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद व्यापारी ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। इसी दौरान आरोपी ने चाकू दिखाकर डराने का प्रयास किया तथा सोने की चेन खींचने की कोशिश की, लेकिन छीना-झपटी में चेन नीचे गिर गई। शोर सुनकर पहुंचे पुत्र अक्षय पिरोदिया ने पिता के साथ मिलकर आरोपी को दबोच लिया। सूचना पर भवानीमंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। घायल व्यापारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके सिर में तीन टांके आए। थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ने घटनास्थल का मुआयना कर बताया कि प्रकरण दर्ज कर लिया है मामले की जांच जारी है। व्यापारी व उसके पुत्र की बहादुरी की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

# बाठेड़ा धाम में हुआ बाबेल समाज का 29वां वार्षिक सम्मेलन

## नई कार्यकारिणी गठन के साथ महिला मंडल की ऐतिहासिक शुरुआत



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** बाबेल समाज की कुलदेवी सती माता जी के पावन तीर्थस्थल बाठेड़ा धाम उदयपुर जिले में आयोजित बाबेल परिवार का 29वां वार्षिक सम्मेलन इस बार धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और पारिवारिक सद्भाव का विराट उत्सव रहा। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे समाजबंधुओं की मौजूदगी ने बाठेड़ा धाम आस्था का महाकुंभ प्रदर्शित किया। पूरे परिसर में 'सती माता जी' के जयकारों, भक्ति गीतों और पारिवारिक आत्मीयता की मधुर अनुभूति ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

सम्मेलन के दौरान समाजहित, संगठन विस्तार और सामाजिक समरसता को केंद्र में रखते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मनोज बाबेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जीतेंद्र बाबेल को निवर्तमान अध्यक्ष, प्रणवीर बाबेल को मंत्री, जयेश बाबेल को कोषाध्यक्ष, भरत बाबेल को उपाध्यक्ष तथा लाल सिंह बाबेल, हरिसिंह बाबेल एवं भूपेंद्र बाबेल को संरक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं नयन बाबेल, रवि बाबेल, सुरेश बाबेल, प्रखर बाबेल आदि ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।इस अवसर पर समाज का महिला मंडल भी बनाया गया।

# जिला कार्यकारिणी में नवनियुक्त पदाधिकारी का कांग्रेस ने किया स्वागत

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** झालावाड़ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा घोषित जिला कार्यकारिणी में डग विधानसभा को प्रतिनिधित्व देने पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भवानी मंडी ने सभी पदाधिकारीयों का स्वा गत किया।

ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता अखूतर अली ने बताया कि जिले कि कार्यकारिणी में डग विधानसभा से नो कार्यकर्ताओं को जिले कि कार्यकारिणी में जगह मिली है बनाएं गए सभी पदाधिकारी वर्षो से संगठन के लिए कार्य कर रहे हैं और अपने अपने क्षेत्र में उनकी अच्छी पेठ है।

ब्लाक अध्यक्ष रोड़ सिंह परमार ने सभी पदाधिकारीयों का स्वागत किया एवं जिला अध्यक्ष विरेंद्र सिंह गुर्जर का आभार व्यक्त कर उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया,

जिला अध्यक्ष विरेंद्र सिंह गुर्जर, ब्लाक अध्यक्ष रोड़ सिंह परमार, विधानसभा प्रत्याशी चेतराज गहलोत, पूर्व विधायक मदनलाल वर्मा, पूर्व विधायक स्नेहलता आर्य, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आसतौलिया ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों कोषाध्यक्ष शितल जैन डग, जिला उपाध्यक्ष रोड सिंह कुंडी खेड़ा, जिला उपाध्यक्ष स्नेहलता आर्य, जिला उपाध्यक्ष हरीश रोझा, महासचिव मोहन लाल मेघवाल, मुमताज ख़ान, सचिव शंकर लाल मेहर, अमन लाला, बालु सिंह का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया।

सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी को पार्टी के प्रति ईमानदारी और लगन से पार्टी कि रीतिनीति के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया है।




बैठक में ओ बी सी प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्षों का भी स्वागत किया गया। बैठक को विधानसभा प्रत्याशी चेतराज गहलोत, पूर्व विधायक मदनलाल वर्मा, पूर्व विधायक स्नेहलता आर्य, ब्लाक अध्यक्ष रोड़ सिंह परमार प्रदेश सचिव राजेश करावन, पूर्व पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा, उपाध्यक्ष अनिल मीणा ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री कालु लाल सालेचा ने किया। इस अवसर पर सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सिद्दीक ग़ौरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लोकेश गुप्ता, युआ कांग्रेस नेता अरबाज खान, पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह पंवार, सलामत अली फौजदार, मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह गुर्जर, प्रदेश कांग्रेस महिला सचिव करूणा देवी, पूर्व जिला परिषद अर्जुनसिंह मालखेड़ा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ब्लाक अध्यक्ष अखूतर अली, सेवादल ब्लाक अध्यक्ष आनंद काला, चिकित्सा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अहफाज खान, पूर्व पार्षद हखिम ख़ान, यंग ब्रिगेड प्रदेश सचिव प्रबल जैन, कुलदीप सिंह, महेन्द्र सिंह, नेपाल सिंह, दुले सिंह, किरपाल सिंह, सरदार सिंह, चैन सिंह चिकित्सा प्रकोष्ठ, धीरप सिंह पंचायत अध्यक्ष, राम सिंह, दशरथ खारोल, बालु सिंह, मिडिया प्रभारी मदन सिंह, राजू मंसूरी, राम करण, विक्रम सिंह मांडवी, विक्रम सिंह पंचायत अध्यक्ष, अविनाश परमार कोर्डिनेटर, हसीब चौधरी उपाध्यक्ष, भैरू लाल चौधरी उपाध्यक्ष, राकेश चांवला सेवादल अध्यक्ष, आदि उपस्थित रहे।

# नरेंद्र जैन बने लायंस क्लब भवानी मंडी रॉयल के अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** कल रात्रि लायंस क्लब भवानीमंडी रॉयल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी सत्र हेतु क्लब की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में नवनियुक्त जोन चेयरमैन लायन कालूलाल सालेचा, पूर्व जोन चेयरमैन लायन के.के. राठी, क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉ. जे.के. अरोरा एवं लायन कैलाश बोहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से क्लब के अनुभवी एवं पिछले पाँच वर्षों से सफलतापूर्वक सचिव पद का दायित्व निभा रहे लायन नरेंद्र जैन को आगामी सत्र के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं सक्रिय एवं ऊर्जावान सदस्य लायन आलोक विजावत को सचिव तथा समर्पित समाजसेवी लायन दामोदर दयाल शुक्ला को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों का सभी सदस्यों ने स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में क्लब सामाजिक सेवा के नए आयाम स्थापित करेगा।



इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा, मानव कल्याण, जरूरतमंदों की सहायता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य करना है। क्लब सदैव सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित रहा है तथा भविष्य में भी विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाने का कार्य करता रहेगा।

बैठक में लायन सुनील शर्मा, लायन मनीष जैन, लायन अख्तर अली, लायन गणेश सालेचा, लायन गौरव जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

अंत में सभी सदस्यों ने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए आगामी सत्र में क्लब को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया।

# बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग आज से गुलाबपुरा में शुरू

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल का सात दिवसीय 'शौर्य प्रशिक्षण वर्ग' आज, 16 मई शनिवार से भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा में प्रारंभ होने जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 23 मई तक चलेगा। बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से देशव्यापी स्तर पर इस शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जाता है। इस वर्ग में 15 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा हिस्सा लेते हैं, जहाँ उन्हें शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सुदृढ़ व मजबूत बनाया जाता है। इस सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए भीलवाड़ा महानगर से 20 बजरंग दल कार्यकर्ता गुलाबपुरा के लिए रवाना हुए। विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों वे महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बेहड़िया ने उत्साहवर्धन करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का मुँह मीठा कराया और उन्हें तिलक लगाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया किया। इस अवसर पर महानगर से अनिल जी बाठिया,सौम्य मेहता,पवन ठाकुर, हितेश नाथ योगी ,नीलेश सोनी प्रखण्ड से योगेश सोनी, अर्जुन साहू,नवीन आर्य, संवार माली, शुभम मिश्रा,उपस्थित रहे।

# शनि अमावस्या पर सांसद एवं विधायक ने किए शनिदेव महाराज के दर्शन

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

शनि अमावस्या के पावन अवसर एवं न्याय के देवता भगवान श्री शनिदेव महाराज के जन्मोत्सव पर बाड़ी स्थित चमत्कारी श्री शनि देव मंदिर में श्रद्धा एवं आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी तथा पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्री शनिदेव महाराज के दर्शन किए तथा विधिवत पूजा-अर्चना कर देश, प्रदेश एवं विश्व शांति की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तिमय वातावरण के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद सीपी जोशी एवं विधायक कृपलानी ने प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना करते हुए भगवान शनिदेव से सभी पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर कथा वाचक संत श्री वसुश्रेष्ठ दास एवं पूज्य संत श्री ऊंकार दास जी के सानिध्य में धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। सांसद जोशी एवं विधायक कृपलानी ने दोनों संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म एवं अध्यात्म से जुड़े विषयों पर चर्चा भी की। कार्यक्रम के दौरान चमत्कारी श्री शनि देव मंदिर बाड़ी समिति के अध्यक्ष भंवरलाल सुथार एवं समिति सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, बलवंत चपलोत, कैलाश जाट, संजय चपलोत, कैलाश जाट मकनपुरा, पुष्कर धाकड़, रत्नेश छाजेड, शिवदास, प्रहलाद तेली, दिलीप कुमावत सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भी भगवान श्री शनिदेव महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।



# नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली में एनएसयूआई का प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली में आयोजित एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रदर्शन में चित्तौड़गढ़ से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों के भविष्य के साथ हुए कथित खिलवाड़ के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ सहित चित्तौड़गढ़ एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अल्पेश गोस्वामी और कई कार्यकर्ताओं को डिटेन कर लिया।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अल्पेश गोस्वामी ने कहा कि संगठन हमेशा छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ता रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन एनएसयूआई संघर्ष से पीछे हटने वाली नहीं है।



गोस्वामी ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसे मामलों से देश के लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित होता है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने छात्रों के हितों की रक्षा एवं निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर नारेबाजी भी की।

# श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के संग बाड़ी में धूमधाम से मनाया गया श्री शनिदेव जन्मोत्सव

## भजन, भक्ति और जयघोषों से गूंजा चमत्कारी शनिदेव नवग्रह मंदिर परिसर, रंगारंग राजस्थानी ऑर्केस्ट्रा ने बांधा समां

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

तहसील निंबाहेड़ा के समीप बाड़ी स्थित प्रसिद्ध एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र चमत्कारी शनिदेव नवग्रह मंदिर में शुक्रवार को श्री शनिदेव जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति, धार्मिक आस्था एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में अत्यंत भव्यता के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर 'जय शनिदेव महाराज' के जयघोषों, भक्तिमय भजनों एवं श्रद्धालुओं की आस्था से गुंजायमान हो उठा। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव के दर्शन कर धर्मलाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान श्री श्री 1008 ऊंकार दास जी गुरुजी, संत श्री 1008 नागेश्वरजी महाराज एवं पण्डित श्री महेश जी पांडिया की पावन उपस्थिति एवं सानिध्य ने आयोजन को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। संत महात्माओं के आशीर्वचनों एवं धार्मिक प्रेरणाओं से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कार्यक्रम में पधारे अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम भगवान श्री शनिदेव महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। मंदिर समिति के अध्यक्ष भंवरलाल सुथार, उदयराम गुर्जर,बंशीलाल कुमावत, बद्रीलाल सेन, फतेहलाल कुमावत, पर्वत आंजना, कैलाश गुर्जर, राजकुमार सोनी, शौकीन गुर्जर, रतनलाल रैगर एवं प्रदीप सुथार इत्यादि पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का पारंपरिक उपराना ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। संपूर्ण आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में अपार उत्साह एवं गहरी धार्मिक आस्था देखने को मिली।



संध्या ढलते ही मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो उठा। रात्रि में आयोजित विशाल भजन संध्या एवं रंगारंग राजस्थानी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शनिदेव महाराज की महिमा का गुणगान करते भजनों, मधुर संगीत एवं मनमोहक धार्मिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं विशेष पुष्प श्रृंगार से सजाया गया था, जिसकी भव्यता श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही।



आयोजित धार्मिक समारोह में गत विधानसभा चुनाव में बड़ीसादड़ी क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं चित्तौड़गढ़ सरस दुग्ध डेयरी के निवर्तमान चेयरमैन बद्रीलाल जगपुरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरन आंजना ने की। वहीं निंबाहेड़ा क्रय-विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान गोपाल आंजना, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राइवाल,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष भोपराज टांक एवं निंबाहेड़ा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना,विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस अवसर पर बाड़ी ग्राम पंचायत प्रशासक गोपाल रैगर, उपसरपंच कैलाश आंजना, बाडी ग्राम सहकारी समिति अध्यक्ष गुडाखेड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष बाबूलाल जाट,प्रतिनिधि चरण सिंह जाट, बंटी मीणा, सुरेश मीणा, आशुतोष टांक,मुकेश खटीक, राधेश्याम तेली एवं विजय कुमावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण, गणमान्य नागरिक, मंदिर समिति पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। मंदिर समिति ने बताया कि बाड़ी स्थित चमत्कारी शनिदेव नवग्रह मंदिर क्षेत्र में श्रद्धा एवं आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते हैं। श्री शनिदेव जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित यह भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति एवं सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम बन गया।

# 7वीं जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 17 मई को

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 7वीं जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 17 मई को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर योगासन कार्यालय में बैठक आयोजित हुई, जिसमें आयोजन संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष किशन पिछोलिया ने बताया कि प्रतियोगिता इंदिरा गांधी स्टेडियम के नए हॉल में आयोजित होगी। इस बार प्रतियोगिता बड़े स्तर पर आयोजित की जा रही है, जिसमें जिलेभर से बड़ी संख्या में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। जिला सचिव एवं योग गुरु सुरेश शर्मा ने बताया कि खेल एवं युवा मंत्रालय से मान्यता प्राप्त योगासन भारत के निर्देशन में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में राजस्थान के सात नेशनल मेरिट लिस्ट खिलाड़ियों को बीएसएफ, इनकम टैक्स एवं आईटीबीपी जैसी संस्थाओं में सेवाएं प्राप्त हुई हैं।

प्रतियोगिता वर्ल्ड योगासन के कार्ड ऑफ पॉइंट्स के अनुसार छह आयु वर्गों में आयोजित होगी, जिसमें 10 से 55 वर्ष तक के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के टेक्निकल हेड प्रतीक आमेटा ने बताया कि प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। कमेटी के कोषाध्यक्ष देवराज सिंह भाटी ने बताया कि सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रखा गया है और अधिकांश प्रतिभागियों ने ऑनलाइन फॉर्म भर दिए हैं।

# तकनीकी सहयोग और मुस्तैदी से दबोचे गए चोरी व एनडीपीएस मामले के दो शातिर फरार आरोपी

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों और भगोड़ों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जैतारण थाना पुलिस को दो बड़ी सफलताएं हाथ लगी हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ब्यावर) डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृताधिकारी (जैतारण) सतेन्द्र सिंह नेगी के निकटतम सुपरविजन में जैतारण थानाधिकारी धोलाराम (नि.पु.) के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पारंपरिक पुलिसिंग के पुख्ता तौर-तरीकों और आधुनिक तकनीकी इनपुट्स का इस्तेमाल करते हुए अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

कार्रवाई 1: चोरी के मामलों में 3 साल से वांछित रूपाराम गिरफ्तार

पुलिस टीम ने लगातार पीछा कर पिछले 3 साल से पुलिस को चकमा दे रहे शातिर वांछित आरोपी रूपाराम पुत्र श्रवणराम (उम्र 28 साल, निवासीः चौकीदारो का बास, खराड़ी, पुलिस थाना आ. कालू, जिला ब्यावर) को दस्तयाब कर गहन पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया, जिसे बाद में न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ जैतारण थाने में वर्ष 2023 में चोरी और नकबजनी के दो अलग-अलग मामले (प्रकरण संख्या 71/2023 और 74/2023 धारा 457, 380 भादस) दर्ज थे। इस सफल कार्रवाई से न्यायालय द्वारा जारी 299 सीआरपीसी के 02 और 01 अन्य गिरफ्तारी वारंट सहित कुल 3 वारंटों का निस्तारण करवाया गया है। टीम में शामिल जांबाजः थानाधिकारी धोलाराम, उपनिरीक्षक रामकिशन, कांस्टेबल राजेश (481), हीराराम (404), अशोक (638) और विकास (506)।

कार्रवाई 2: एनडीपीएस मामले में 1 वर्ष से फरार अभियुक्त दबोचा

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ की गई दूसरी कार्रवाई में जैतारण पुलिस टीम ने प्रकरण संख्या 305/2025 धारा 8/15, 8/25 एनडीपीएस एक्ट में पिछले एक साल से फरार चल रहे वांछित आरोपी भागीरथ पुत्र भैराराम (उम्र 27 वर्ष, निवासीः नेतरा, पुलिस थाना करवड़, जिला जोधपुर) को तकनीकी सहयोग से लगातार पीछा करके दस्तयाब किया, जिसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से फिलहाल अनुसंधान जारी है। गौरतलब है कि विगत तीन माह में पुलिस ने नशे के कारोबार (एनडीपीएस प्रकरणों) में फरार चल रहे 5 आरोपियों को दस्तयाब कर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। टीम में शामिल जांबाजः थानाधिकारी धोलाराम, सउनि मोहनलाल, हैड कांस्टेबल राजाराम (1291) और कांस्टेबल शिवनारायण (637)

# कानपुर सेक्टर में सीआईडी की सक्रियता के इजाफे में जुटे-एएसपी वर्मा

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** जिसकी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली वाली जांच पर आज भी लोगों को पूरा भरोसा है।



कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में वह सीबी सीआईडी कानपुर सेक्टर में पहले से ज्यादा सक्रिय हो गई है। अवगत कराते चलें कि कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में निष्पक्ष जांच पड़ताल के रूप में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में अग्रणी जिस सीआईडी पुलिस की सतर्कता और सक्रियता की चर्चा की जा रही है, आजकल उस सीआईडी के कानपुर सेक्टर की कमान निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल तथा बेहद स्वाभिमानी और परोपकारी स्वभाव के एएसपी अशोक कुमार वर्मा के हाथ में है। अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके बृजभूमि मथुरा में जन्मे और वर्तमान में जनपद हाथरस के निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से संबंध रखने वाले कठोर परिश्रम,अनुशासन और सेवा भाव के भी प्रतीक अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

जानकारी के मुताबिक1989 में उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर भर्ती होकर अपने कैरियर की शुरुआत करते हुए अलीगढ़ के अलिया गैंग के अलिया सहित 3 हार्ड कोर अपराधियों के .एनकाउंटर में पूर्ण सफाए के फलस्वरूप ही आउट आफ़ टर्न पदोन्नति पाकर 1998 में इंस्पेक्टर और करीब 16 वर्षों तक इसी पद पर जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कठोर परिश्रम और कर्तव्य के प्रति अपनी ईमानदारी पूर्ण प्रगाढ़ निष्ठा के चलते वर्ष 2014 में प्रोन्नति पाकर डिप्टी एस पी और अब अपर पुलिस अधीक्षक यानी एएसपी के पद पर पहुंचने वाले बिरले पुलिस अधिकारियों में से एक सरल और शालीन स्वभाव के सीबीसीआईडी के सेक्टर ऑफिसर एएसपी अशोक कुमार वर्मा की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही लोकहित में निरंतर निरत कर्म योगी एएसपी अशोक कुमार वर्मा जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली, कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के ए एस पी अशोक कुमार वर्मा की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

कुल मिलाकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देशों का अक्षरशः पालन करने में भी अग्रणी होने के साथ ही पीड़ितों के पक्ष में और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के रूप में योगी सरकार का इकबाल भी लगातार बुलंद कर रहे लोकहित में अपनी धुन के पक्के कठोर परिश्रमी एडिशनल एसपी अशोक कुमार वर्मा की निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली वाली नेतृत्व कुशलता का सार्थक परिणाम सीआईडी की लोकप्रियता और जन विश्वास में और अधिक इजाफा करने वाला भी माना जा रहा है।

# सगस जी महाराज के भंडारे की प्रथम वर्षगांठ और पूर्णाहुति कार्यक्रम में शामिल हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर



स्मार्ट हलचल

सांगोद। 16 मई को देवली मांझी ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शनिवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल देवली मांझी में सगस जी महाराज की अमावस्या पर आयोजित होने वाले विशाल भंडारे की प्रथम वर्षगांठ एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणो द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सगस जी महाराज के दरबार में ढोक लगाकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख, समृद्धि, खुशहाली तथा अच्छी वर्षा की कामना की। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, समरसता और एकता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। हमारी सनातन संस्कृति में भंडारे और प्रसादी का विशेष महत्व है, जहां हर वर्ग के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने मंदिर समिति द्वारा विगत एक वर्ष से लगातार किए जा रहे इस पुनीत कार्य की सराहना की।

विशाल भंडारे (महाप्रसादी) में देवली मांझी और आस-पास के दर्जनों गांवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। मंदिर परिसर पूरे दिन 'सगस जी महाराज की जय' के जयकारों से गुंजायमान रहा।

# ब्यावर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः डेढ़ साल से चकमा दे रहा पोक्सो एक्ट का फरार आरोपी कैलाश सिंह गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनियां व पुलिस उप अधीक्षक राजेश कसाना के निकट सुपरविजन में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के तहत जवाजा थाना पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने पोक्सो एक्ट और दुष्कर्म के मामले में करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे शातिर आरोपी कैलाश सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### अजमेर, दिल्ली और गुजरात में बदल रहा था ठिकाने

थानाधिकारी डॉ. नवल किशोर ने बताया कि आरोपी कैलाश सिंह (22) पुत्र प्रभूसिंह रावत, निवासी रोहिड़ा खेड़ा (थाना जवाजा) के खिलाफ मार्च 2025 में भारतीय न्याय संहिता और पोक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना के बाद से ही आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने उसके घर पर कई बार दबिश दी, लेकिन वह हर बार भागने में सफल रहा। फरारी के दौरान आरोपी कभी अजमेर, कभी गुजरात तो कभी दिल्ली में अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था।

### साइबर सेल और मुखबिर की मदद से दबोचा

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जवाजा पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और जिला साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्य जुटाए। शनिवार को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी कैलाश सिंह को दबोच लिया। पुलिस अब आरोपी से मामले को लेकर गहनता से अनुसंधान कर रही है।

### पहले भी दर्ज है आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कैलाश सिंह आदतन प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ वर्ष 2022 में भी जवाजा थाने में घर में घुसकर मारपीट करने, छेड़छाड़ और डराने-धमकाने (धारा 452, 354घ, 323, 341, 506 आईपीसी) का मामला दर्ज हो चुका है।

### कार्रवाई करने वाली पुलिस टीमः

इस सफल कार्रवाई में जवाजा थानाधिकारी डॉ. नवल किशोर के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, साइबर सेल के कांस्टेबल नैना सिंह, कांस्टेबल विजय कुमार, प्रहलाद, अशोक कुमार, सुशील कुमार, महेंद्र कुमार और राजेश कुमार की मुख्य भूमिका रही।

# 10 हजार के इनामी मादक पदार्थ सप्लायर राकेश उर्फ ओमाराम गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल |बालोतरा

पुलिस अधीक्षक श्री रमेश के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन विषदमन' के तहत पचपदरा थाना पुलिस ने 10 हजार रुपये के इनामी मादक पदार्थ सप्लायर राकेश उर्फ ओमाराम को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में पिछले 10 माह से फरार चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरफूलसिंह और वृताधिकारी श्री विकास कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी श्रीमती गीता कुमारी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को बालोतरा क्षेत्र में गोपनीय सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। आरोपी ओमाराम गांव बंबोर में 'महादेव ई-मित्र' नाम से ई-मित्र संचालन करता था और इसी आड़ में अवैध एमडीएमए तस्करी का कारोबार चलाता था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार ठिकाने बदलता रहा और अलग-अलग नामों से पहचान छिपाता था। 19 जुलाई 2025 को पुलिस ने आरोपी सफीखां और दावदखां को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 29 हजार रुपये की नकली मुद्रा, 11.12 ग्राम अफीम का दूध और 5.12 ग्राम एमडीएमए बरामद किया था।

# कांग्रेस कार्यकर्ता को नाजायज परेशान किया तो मैं उसको दौड़ा दौड़ा कर मारूंगा : चांदना

## विधायक व ईओ की वार्ता का वीडियो बना चर्चा का विषय

स्मार्ट हलचल | बून्दी

हिण्डोली विधायक अशोक चांदना का एक बार फिर अधिकारी पर गरजने का वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो विधायक अशोक चांदना और



हिण्डोली नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र मीना के बीच का बताया जा रहा है जिसमें नगर पालिका ने एक रैगर समाज के व्यक्ति की पट्टशुदा दीवार तोड़ने को लेकर नोटिस जारी किया था।

विधायक चांदना ने फोन पर अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र मीना को स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि इस राज में किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता को नाजायज परेशान किया गया तो मैं उसको दौड़ा दौड़ा कर मारूंगा। चांदना ने कहा कि यदि दीवार का एक पत्थर भी गिरा तो मैं तुम्हारी जड़े खोद दूंगा। तुम हमको उकसाओ मत और नियमानुसार काम करो। चांदना ने कहा कि रैगर समाज के लोगों को बड़ी मुश्किल से तो पट्टे मिलते है और तुम लोग इनको नाजायज परेशान कर रहे हो। यदि इनकी दीवार गिरी तो वह तुम्हारे ऊपर गिरेगी। ईओ मीना ने जब चांदना से कहा कि इसकी शिकायत मिली है तो चांदना ने कहा कि शिकायत तो आपकी भी होगी किसी दिन। यह आपको जवाब दे देंगे। अच्छा होगा आप नियमानुसार कार्यवाही करे और पट्टेशुदा व्यक्ति को परेशान नहीं करे।

# नाबालिक लडकी का अपहरण करने वाला एक साल से फरार आरोपी नरेश गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा द्वारा महिला अत्याचार सम्बन्धी दर्ज प्रकरणों का विधि सम्मत त्वरित अनुसंधान पूर्ण कर निस्तारण करने हेतु करने के आदेशो की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय सिंह चम्पावत के मार्गदर्शन व वृताधिकारी वृत नैनवा नरेन्द्र नागर आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में कमलेश कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना देई के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा नाबालिक लडकी को शादी का झांसा देकर व अपहरण करके ले जाने वाले आरोपीनरेश कुमार पुत्र हरिकिशन उम्र 28साल निवासी ढिगावडा पुलिस थाना राजगढ जिला अलवर को डिटेन कर नियमानुसार गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 01.05.2025 को फरियादिया के उपस्थित थाना होकर एक तहरीरी रिपोर्ट इस आशय की पेश की मै व मेरी पुत्री दोनो घर पर थे दिनांक 24.04.2025 कि रात के 3.00 बजे कि बात है मैं व मेरी बेटी पानी पीकर दोनो सोये थे जब मैं सुबह 5.00 बजे उटी तो मेरे को मेरी पुत्री नही मिली। मेरी पुत्री को कोई अपहरण कर के ले गया। मेरे घर से सोने के दो मंगलसुत्र व एक दो तोले के हार, एक जोडी पायेल चॉदी कि, दो चॉदी कि चुडीया थी व 5000 हजार रूपये नगद यह भी नही मिल रहे है। इत्यादि रिपोर्ट पर सुसंगत धाराओं मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया।

थानाधिकारी कमलेश कुमार पु.नि. के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रकरण में पीडिता को दस्तयाब कर बयान धारा 180 बीएनएसएस व 183 बीएनएसएस एवं दीगर अनुसंधान कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तलाश की गई। किन्तु अभियुक्त अपनी सकुनत से फरार था । इस पर मुखबीर मामुर किये गये। आरोपी के सम्बन्ध में तकनीकी अनुसंधान किया जाकर आरोपी की मिलने के सभी सम्भावित स्थानो पर तलाश की गई। दिनांक 15.05.2026 को अभियुक्त नरेश कुमार पुत्र हरिकिशन उम्र 28 साल निवासी ढिगावडा पुलिस थाना राजगढ जिला अलवर को डिटेन कर प्रकरण मे बाद अनुसंधान जुर्म धारा 137(2), 87,127(2) बीएनएस 2023 मे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जावेगा।

# 19 मई को कँवलियास में जिला स्तरीय सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिला हैंडबॉल संघ भीलवाड़ा के तत्वावधान में 31वीं जिला स्तरीय सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक-बालिका) का आयोजन 19 मई 2026 को मॉर्डन पब्लिक स्कूल, कँवलियास के हैंडबॉल मैदान पर होगा।

संघ सचिव तेजप्रताप सिंह ने बताया कि 1 जनवरी 2012 को या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। चयनित टीमें अजमेर में होने वाली 31वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के अनुसार सभी खिलाड़ियों का राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ की वेबसाइट https://rajasthanhandball.com पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। बिना पिन नंबर वाले खिलाड़ी भाग नहीं ले सकेंगे। टीम पंजीयन 18 मई शाम 6 बजे तक श्रीराम सेन, हर्षित गोखरू, दुर्गेश सिंह राठौर को करवाएं। आयोजन सचिव जिला उपाध्यक्ष किशोर छतवानी होंगे।

# मेघवाल समाज का गौरव बढ़ीः खुशबु पलासिया बनीं राजस्थान सरकार में सरकारी अधिवक्ता, मानवाधिकार संस्था ने दी बधाई

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** स्थानीय क्षेत्र की होनहार बेटी और मेघवाल समाज की गौरव अधिवक्ता खुशबु पलासिया को राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। उनकी इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्ति से ब्यावर क्षेत्र सहित पूरे समाज में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानवाधिकार संस्था, जिला ब्यावर की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की गईं।

### जोधपुर विवि से की उच्च शिक्षा, आरजेएस प्री भी की थी उत्तीर्ण

30 जनवरी 1992 को जन्मीं श्रीमती खुशबु पलासिया की प्रारंभिक शिक्षा जोधपुर के प्रतिष्ठित सोहन लाल मणिहार सीनियर स्कूल से अंग्रेजी माध्यम में हुई। इसके बाद उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा की ओर कदम बढ़ाते हुए जोधपुर विश्वविद्यालय से बी.कॉम., एल.एल.बी. और एल.एल.एम. की उपाधि प्राप्त की। अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए उन्होंने वर्ष 2014 में आरजेएस प्री परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी।

### अक्टूबर 2016 से लगातार दे रही हैं विधिक सेवाएं

श्रीमती पलासिया अक्टूबर 2016 से लगातार जोधपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में अपनी उत्कृष्ट विधिक सेवाएं दे रही हैं। उनके इसी लंबे विधिक अनुभव, कार्यकुशलता और बेहतरीन रिकॉर्ड को देखते हुए राजस्थान सरकार ने उन्हें सरकारी अधिवक्ता के पद पर नियुक्त कर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

### बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनीं खुशबु

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर खुशी जताते हुए राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानवाधिकार संस्था के जिलाध्यक्ष चिराग मेघवाल ने कहा कि श्रीमती खुशबु पलासिया की यह सफलता न केवल मेघवाल समाज बल्कि पूरी युवा पीढ़ी और क्षेत्र की बेटियों के लिए एक बड़ा प्रेरणास्रोत है। उनकी इस नियुक्ति पर संस्था परिवार के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके सफल कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को रौंदा, मजदूर पूरण सैनी की मौके पर मौत

## छह बेटियों के सिर से उठा पिता का साया, पत्नी जिंदगी और मौत से जूझ रही

स्मार्ट हलचल

**महवा।** क्षेत्र के पिपलखेड़ा के पास शुक्रवार दोपहर एक हृदयविदारक सड़क हादसे में भण्डपुरा गढ़ हिम्मत सिंह निवासी पूरण चन्द सैनी पुत्र धनीराम सैनी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी नारंगी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार पूरण सैनी अपनी पत्नी के साथ सिकंदरा स्थित देव मंदिर से दर्शन कर बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पिपलखेड़ा के पास पीछे से तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पूरण सैनी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। दोनों को तुरंत महवा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने पूरण



सैनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पत्नी नारंगी देवी की हालत नाजुक होने पर उन्हें जयपुर रेफर किया गया है।

बताया जा रहा है कि मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। पूरण सैनी अपने पीछे छह बेटियों को छोड़ गए हैं। परिवार का इकलौता सहारा छिन जाने से घर में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# हजरत ख्वाजा सैयद शाह अहमद चिश्ती का सालाना उर्स सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

हजरत ख्वाजा सैयद शाह अहमद चिश्ती का सालाना उर्स धूमधाम और मुल्क में अमन चैन की दुआओं के साथ संपन्न हुआ सैयद आबीद अली चिश्ती सज्जाद नशीन दरगाह अहमद चिश्ती अमरसर की सरपरस्ती में दरगाह हज़रत ख्वाजा सैयद शाह अहमद चिश्ती रहमतुल्ला अलैहि के मौके पर झंडा की रस्म के साथ चद्दर पेश की गई उसके बाद में अकीदत के फूल पेश किए गए रात में महफिले समा का प्रोग्राम शुरू हुआ जिसमें सूफी तरानो के साथ कलाम कव्वालियां पेश की गई मिलाद शरीफ की महफिल हुई फिर अगले दिन है जाहिरीनो का तांता लगा रहा और उसके बाद कुल की रस्म अदायगी के साथ तमाम मुल्क की अमन चैन शांति के लिए दुआ की गई और लंगर का प्रोग्राम जोर-शोर से जारी रहा इस मौके पर सज्जादा



नशीन सैयद आबिद अली चिश्ती की अध्यक्षता में इन तमाम लोगों को दस्तारबंदी की इनका इस्तकबाल किया गया और विदा किया गया माशाल्लाह पूरे दिन लंगर भी चला उसके साथ इसका समापन हुआ इस मौके पर सैय्यद आबिद अली चिश्ती फरीदी , सैयद साबिर अली चिश्ती, सैयद फरीद अली सैयद रुहान अली सैयद सादिक अली सैयद वाहिद अली सय्यद आदिल सैयद कासिम इस्माइल खान फहीम खान सैफ खान मोहम्मद अमीन खान चिश्ती साबरी समाज सेवक जयपुर जयपुर वसीम राजा जयपुर अख्तर भाई मीठी कुइया जयपुर अन्नू भाई जयपुर शकील भाई जूस वाले मकसूद भाई रंगरेज अबरार भाई आलिया फर्नीचर जयपुर छोटे हाजी शकील अहमद गोरी अफसर गोरी जयपुर गुलफाम भाई वकील साहब जयपुर राजा खान टाली वाले खादिम रजाक खान ताले वाले इमरान भाई चंदास वाले गुड्डू बक्श इमरान बख्श इरफान बख्श गुस्सा गुलाम रसूल की मनिहार रोशन जी मनिहार मकबूल की मनिहार सलीम जी मनिहार महबूब मनिहार धनोता वाले अमरसर से सलीम कुरैशी शाहिद कुरेशी बाबू मुस्तफा कुरैशी, एजाज खान कमालुद्दीन भाई रियाज अकबर की मुगल खान फारूक गाजी रिजवान खान अयान खान गोरी अब्दुल्ला भाटी आहिल खान असलम शाह अमीन खान उस्मान यारियां सलीम नारिया कालू न्यारिया दीन मोहम्मद नियारिया बाबू निहारिया हसन निहारिया जफर सोहेल कुरेशी शाहिद खान जयपुर नारी का नाका राशिद भाई ईदगाह राजन भाई ईदगाह बुजुर्ग गाने दिन की खिदमत में मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पैंथर हुआ घायल

## घायल पैंथर को प्राथमिक उपचार के बाद कोटा नयापुरा चिड़ियाघर में छोड़ा



स्मार्ट हलचल | इंद्रगढ़

इंद्रगढ़ लोनाबा रोड पर आज सवेरे लगभग 3 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से पैंथर (नर) घायल हो गया। राहगीर की सूचना पर वन विभाग टीम मौके पर पहुंची और घायल पैंथर को रेस्क्यू कर राजकीय वाहन से इंद्रगढ़ वन विभाग लेकर पहुंचे। इंद्रगढ़ पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा घायल पैंथर का प्राथमिक उपचार कर उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अनुसार घायल पैंथर को कोटा चिडयाघर नयापुरा रेस्क्यू सेंटर में इलाज के लिए छोड़ा गया है।

इंद्रगढ़ क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि उपवन संरक्षक व उप क्षेत्र निर्देश कोर आरवीआरटी इंदरगढ़ लोनाबा मार्ग पर किसी राहगीर द्वारा बताया गया कि शायद रात के अंधेरे में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक पैंथर (नर) घायल हो गया है। घायल पैंथर की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में पैंथर को इंद्रगढ़ वन विभाग रेंज लेकर पहुंचे जहां पशु चिकित्सा अधिकारी से प्राथमिक उपचार करवा कर उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार कोटा चिडयाघर नयापुरा में रेस्क्यू सेंटर में इलाज के लिए छोड़ा है।

# टमाटर की उन्नत कृषि कार्यमाला





"टमाटर अत्यंत ही लोकप्रिय तथा पोषक तत्वों से युक्त फलदार सब्जी है। जिसका उपयोग साल भर किया जाता है। सब्जी के अलावा उससे सूप, चटनी, सलाद, आदि के रूप में भी उपयोग किया जाता है। विटामिन व अन्य खाद्य पदार्थ उपयुक्त मात्रा में पाये जाते हैं।"

⊙**भूमि**– टमाटर की खेती कई किस्मों की मिट्टी में की जाती है लेकिन अच्छी जल निकासी चिकनी मृदा तथा दोमट मिट्टी सर्वोत्तम है।

⊙**खेत की तैयारी :**– प्रथम जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से करने के बाद 2–3 बार कल्टीवेटर या हैरो चलाना चाहिए ताकि भूमि की निचली कठोर परत टूट जाए। प्रत्येक जुताई के बाद पाटा चलाना चाहिए ताकि मिट्टी भुरभुरी हो जाए।

⊙**उन्नतशील किस्में :**– पूसा रूबी, पन्त टी–1 पंजाब छुआरा, अर्का विकास, पूसा अर्ली ड्वार्फ आदि।

⊙**बीज दर:**– देशी – 400–500 ग्राम/ हेक्टेयर

⊙संकर – 100 ग्राम / हेक्टेयर

⊙**पौध तैयार करना ( नर्सरी ):**– वर्षा ऋतु में 10 सें.मी. ऊंची क्यारी तैयार कर उसमें बीज बोना चाहिए। बीज कतारों में बोना चाहिए।

⊙**बीजोपचार :**– बीज को बोने से पूर्व थायरम या बाविस्टिन से 2 ग्राम/ किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करना चाहिए।

⊙**बुआई का समय :**– खरीफ– जून–जुलाई, शीत –अक्टूबर– नवम्बर

⊙**रोपण :**– क्यारियों में जब पौधे 4 से 5 सप्ताह के हो जाएं या 7 से 10 सें.मी. के हो जाएं तब खेत में रोपित करना चाहिए। पौध रोपण के पश्चात् तुरन्त हल्की सिंचाई करनी चाहिए। एक स्थान पर एक ही पौधा लगाएं।

⊙**पौध अन्तरण:**– कतार से कतार की दूरी 75 सें.मी. एवं पौध से पौध की दूरी 60 सें.मी. रखना चाहिए।

⊙**उर्वरक की मात्रा :**– गोबर खाद 200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर भूमि की तैयारी के समय मिलाना चाहिए। यूरिया 217 किलो प्रति हेक्टेयर, तीन भागों में देना चाहिए। पहला भाग, पौध रोपण के समय तथा दूसरा भाग एवं तीसरा भाग 30 दिन के अन्तर से देना चाहिए। एस.एस.पी. 500 किलो/ हेक्टेयर व पोटाश 100 किलो प्रति हेक्टेयर पौध रोपण के समय देना चाहिए।

⊙**सिंचाई :**– टमाटर में अधिक तथा कम सिंचाई दोनों ही हानिकारक हैं। शरद ऋतु में 10 से 12 दिन के अन्तर तथा गर्मी में 4–5 दिन के अन्तर में भूमि के अनुसार सिंचाई की जा सकती है।

⊙**निंदाई गुड़ाई :**– टमाटर की फसल को खरपतवारों से मुक्त रखने के लिए निरंतर निंदाई–गुड़ाई करते रहना आवश्यक है। गुड़ाई उथली करनी चाहिए जिससे जड़ों को नुकसान न पहुंचे। 30–40 दिन बाद पौधों पर मिट्टी चढ़ा देना चाहिए।

⊙**वृद्धि नियामकों का प्रयोग :**– वृद्धि नियामकों का प्रयोग फूलों को झड़ने से रोकने तथा बिना निषेचन के फलों को विकास के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ है। पी. सी.पी.ए. 50–100 पी. पी. एम. (50–100 मि.ग्रा./ लीटर पानी में घोलना है) के घोल का छिड़काव लाभकारी होता है।

⊙**सहारा देना :**– ऊंचाई व मध्यम ऊंचाई वाली किस्मों को पेड़ की टहनियां (बांस) की सहायता से सहारा देना चाहिए, ऐसा करने से पौधे की वृद्धि अच्छी होती है, वर्षा ऋतु में फल तथा पेड़ सड़ते नहीं हैं। फलों का आकार बढ़ जाता है तथा पैदावार भी अधिक होती है।

⊙**फलों की तुड़ाई :**– टमाटर के फसल की तुड़ाई कई अवस्थाओं में की जाती है–

⊙ **कच्चे या हरे फल :**– टमाटर को अधपके हरे से गुलाबी पड़ने पर तब तोड़ा जाता है जब इसे दूर स्थित बाजारों में विपणन हेतु भेजना होता है।

⊙ **गुलाबी या हल्के लाल फल:**– टमाटर को गुलाबी या हल्के लाल होने की अवस्था में तब तोड़ा जाता है जब इसे स्थानीय बाजारों में भेजना होता है।

⊙ **पके हुए टमाटर :**– फलों का अधिकतम भाग लाल होता है व नरम होता है ऐसे फल घरेलू उपयोग या कच्चे सलाद खाने के काम आते हैं।

⊙**अधिक पके टमाटर :**– बीज उत्पादन के लिए लाल फल आदर्श माने जाते हैं। फल परीरक्षण के लिए भी अधिक पके टमाटर अच्छे माने जाते हैं।

# गोभीवर्गीय में पोषक तत्वों की आवश्यकता





⊙**भूरापन या ब्राउनिंग** – यह समस्या गोभीवर्गीय फसलों में बोरान की कमी से होता है।

⊙**लक्षण** – भूरापन में शुरूआत में फूल में जल अवशोषित धब्बे पड़ जाते हैं, जो कि बाद में बड़े हो जाते हैं। इसके बाद तने में भी जल अवशोषित धब्बे पड़ते हैं तथा तना अंदर से खोखला हो जाता है। यदि भूरापन का प्रकोप ज्यादा होता है तो पूरा फूल में कुछ दिन बाद गुलाबी या भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते हैं।

⊙**उपचार** – बोरान की कमी को दूर करने के लिये 10–15 किलो बोरेक्स प्रति हेक्टर भूमि में पौध रोपण के समय देना चाहिए अथवा जब फसल खड़ी हो 0.1 प्रतिशत बोरेक्स घोल का छिड़काव करना चाहिए प्रथम छिड़काव पौध रोपण के दो सप्ताह पश्चात और दूसरा छिड़काव फूल बनने से दो सप्ताह पहले करना चाहिए।

⊙**व्हिपटेल** – यह लक्षण गोभीवर्गीय फसलों में मालीब्डिनम नामक तत्व की कमी के कारण होता है।

⊙**लक्षण** – मुख्यत: मालीब्डिनम की कमी अम्लीय भूमि में हो जाती है अर्थात् मालीब्डिनम अनुपलब्ध रूप से हो जाता है, जिससे पौधे इस तत्व का अवशोषण नहीं कर पाते और व्हिपटेल के लक्षण दिखाई देते है, इसमें शुरूआत में पौधे की वृद्धि रुक जाती है और पत्तियाँ सिकुड़ कर सफेद पड़ने लगती हैं तथा कुछ दिन बाद पत्तियां अपना आकार खो देती हैं और मिडरिब के अलावा शेष भाग सूख जाता है, जिसके कारण इसे सामान्यत: व्हिपटेल कहा जाता है।

⊙**उपचार** – मालीब्डिनम की कमी को दूर करने के लिए अम्लीयता कम करने के उद्देश्य से 50–70 क्विंटल बुझा चूना प्रति हेक्टर खेत की तैयारी के समय भूमि में मिला देना चाहिए। इसके साथ ही पौध रोपण के पहले 2.5 से 5 किलो सोडियम मालीब्डेट प्रति हेक्टर भूमि में मिला देना चाहिए अथवा खड़ी फसल में 0.05ज सोडियम मालीब्डिट घोल का पौधों पर छिड़काव करना चाहिए।

⊙**बटनिंग** – बटनिंग की समस्या गोभी वर्गीय फसलों के कई कारणों से होती है जैसे अधिक उम्र के रोप के कारण, नाइट्रोजन की कमी के कारण या समय के अनुसार उचित किस्मों को ना लगाने से ऐसा होता है।

⊙**लक्षण** – फूलों का विकसित ना होकर छोटा रह जाना बटनिंग कहलाता है। इसमें फूलों का आकार छोटा हो जाता है तथा कम विकसित पत्तियाँ होती हैं।

⊙**उपचार** – बटनिंग को रोकने के लिये अगेती या पिछेती किस्में अनुशंसित समय पर ही लगाएं, पौधे की वृद्धि चाहे वह नर्सरी में हो या खेत में नहीं रूकनी चाहिए। अधिक सिंचाई न करें। जो पौधा नर्सरी में अधिक दिन के हो उन्हें खेत में न लगाएं और नाइट्रोजन की उचित मात्रा पौधों को समय–समय पर दें।

⊙**रेसीयनेस** – रेसीयनेस के लक्षण मुख्यत: वातावरण में अनुकूल तापमान की कमी, अधिक नाइट्रोजन देने के कारण तथा अधिक आर्द्रता के कारण होती हैं।

⊙**लक्षण** – समय से पूर्व अविकसित कली को रेसीयनेस कहते हैं। इसमें फूल की ऊपरी सतह ढीली पड़ जाती है तथा सफेद छोटी कलिका बन जाती है।

⊙**उपचार** – रेसीयनेस से उपचार के लिये उचित किस्म का चयन करें, समय पर पौधों की रोपाई करें, नाइट्रोजन की उचित मात्रा का प्रयोग करें तथा प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें।

⊙**अन्धता** – अन्धता गोभीवर्गीय फसलों से पौधे की वृद्धि के शुरूआत मुख्य कलिका में कीट के प्रकोप के कारण तथा वातावरण में तापमान में कमी होने वाला पाला पड़ने के कारण होता है।

⊙**लक्षण** – अन्धता में पौधे की मुख्य कलिका कीट के कारण क्षतिग्रस्त हो जाती है तथा इसके पत्ते बड़े, चमड़े जैसे मोटे और गहरे रंग के हो जाते हैं।

⊙**उपचार** – अन्धता की रोकथाम के लिए मुख्य कलिका को कीटों से क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिये कीटनाशक का प्रयोग करना चाहिए, उचित किस्म का चयन करना चाहिए।



# मकसद महत्वपूर्ण है, झंडे नहीं: दिलजीत दोसांझ

हाल ही में कनाडा के कैलगरी में हुए अपने कॉन्सर्ट के दौरान गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने झंडों और बैनरों को लेकर उत्पन्न हुए विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब कॉन्सर्ट में भीड़ के कुछ सदस्यों द्वारा खालिस्तान के समर्थन में झंडे लहराए गए, जिस पर दिलजीत दोसांझ ने स्टेज से ही कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने खालिस्तानी समर्थकों से कहा कि वे अपने झंडे कहीं और ले जाएं और इस जगह का इस्तेमाल उसी उद्देश्य के लिए करें जिसके लिए यह बनी है—यानी संगीत और मनोरंजन। दिलजीत ने आगे बताया कि कॉन्सर्ट में बाधा डालने और उनके खिलाफ विरोध के तौर पर झंडों का इस्तेमाल करने के कारण ही उन व्यक्तियों को हटाया गया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया के स्टोरीज सेक्शन में इसे एक फेक नैरेटिव करार दिया। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि वह किसी को भी अपने प्रशंसकों को परेशान करने या उनके शो में रुकावट डालने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिलजीत ने पंजाबी में एक विस्तृत पोस्ट साझा करते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने लिखा, बाहर खड़े होकर कोई भी विरोध प्रदर्शन कर सकता है, लेकिन अगर आप अंदर आकर मेरे फैंस को परेशान करने की कोशिश करेंगे, तो यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने झंडों और बैनरों के सही उपयोग और गलत इरादों के बीच का अंतर समझाया। दिलजीत ने कहा, अगर कोई बैनर या झंडा लाता है, तो इसका मतलब है कि वे दिखाना चाहते हैं कि वे किसी खास जगह से आए हैं और हमें समर्थन देने आए हैं। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी, अगर आप वही बैनर लेकर बाहर खड़े होकर मेरे फैंस को गाली देंगे, और फिर वही काम वेन्यू के अंदर करने की कोशिश करेंगे, तो मैं यह बर्दाश्त नहीं करूंगा। यह किसी खास बैनर या झंडे के बारे में नहीं है। बात इसके पीछे के मकसद की है। इस बयान के साथ, दिलजीत ने स्पष्ट संदेश दिया कि उनके लिए अपने दर्शकों का अनुभव और कॉन्सर्ट का शांतिपूर्ण माहौल सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जो भी कॉन्सर्ट को खराब करने की कोशिश करे, उसे तुरंत बाहर किया जाए। उन्होंने फिर से दोहराया कि उन्होंने किसी विशेष बैनर के लिए कुछ नहीं कहा, बल्कि गलत इरादों के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। उन्होंने फेक नैरेटिव फैलाने वालों को फटकार लगाते हुए कहा, मैंने पिछले साल तो इस बात को नजरअंदाज कर दिया, लेकिन अब और नहीं। धन्यवाद। दिलजीत दोसांझ जैसे कलाकार के लिए, जो अक्सर अपने संगीत के माध्यम से एकता और खुशी का संदेश देते हैं, इस तरह के विवाद उनके लिए एक संवेदनशील मुद्दा रहे हैं, और उन्होंने इस बार इसे पूरी गंभीरता से लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका ऐतराज कभी भी किसी विशेष झंडे या बैनर से नहीं था, बल्कि उनके पीछे के गलत मकसद पर था।


# हर लड़की खुद को चिरैया से जोड़ रही है: दिव्या दत्ता



अभिनेत्री दिव्या दत्ता अपनी नई वेब सीरीज चिरैया को लेकर खूब वाहवाही बटोर रही हैं। जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के बाद से ही, यह सीरीज अपनी शानदार कहानी, सशक्त लेखन और सभी कलाकारों के बेहतरीन अभिनय को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त कर रही है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित यह 6-एपिसोड की भावनात्मक और मार्मिक सीरीज मैरिटल रेप और वैवाहिक दुर्व्यवहार जैसे बेहद गंभीर और संवेदनशील सामाजिक मुद्दों पर आधारित है। सीरीज चिरैया को लेकर अभिनेत्री दिव्या दत्ता का मानना है कि यह एक ऐसी सीरीज है, जिससे आज की हर लड़की और महिला अपने आपको गहराई से जोड़ पा रही है, क्योंकि यह समाज के एक कड़वे सच को उजागर करती है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पॉडकास्ट का वीडियो साझा किया, जिसमें वे चिरैया को मिल रही प्रतिक्रिया के बारे में बात कर रही थीं। वीडियो में दिव्या कहती हैं, हर कोई चिरैया देख रहा है और उससे प्रभावित हो रहा है। अभी हाल ही में मेरी मुलाकात एक मां से हुई, जिसे चिरैया देखने के बाद अपनी बेटी के ससुराल वालों से बात करने और उनका सामना करने की हिम्मत मिली है। दिव्या दत्ता ने उस महिला का वाकया बताते हुए अपनी बात जारी रखी जहां मैं योगा करने जाती हूं, वहां पर एक महिला मेरे पास आई और बोली कि क्या मैं आपसे कुछ बात कर सकती हूं, तो मैंने सोचा, योगा के बीच में कैसी बातें करें, तो मैंने उसे इंतजार करने के लिए बोला, लेकिन वह इसके लिए तैयार ही नहीं थी। वह मुझसे उसी वक्त बात करना चाहती थी। दिव्या ने आगे बताया कि उस महिला ने मुझसे कहा, मेरी बेटी को उसके ससुराल वालों ने छोड़ दिया है और मेरे अंदर बेटी के ससुराल वालों से बात करने की हिम्मत नहीं थी। फिर एक दिन मैंने चिरैया देखी और मैं उसे देखकर बहुत रोई। उस सीरीज को देखने के बाद मुझे उनका सामना करने और अपनी बेटी के हक के लिए खड़े होने की हिम्मत मिली। दिव्या दत्ता ने उस पल के महत्व को समझते हुए कहा, सीरीज को लेकर हमें इस तरह की प्रतिक्रियाएं सुनने को मिल रही हैं। इसके बाद एहसास होता है कि यही तो है विजुअल मीडिया और एक ऐसी कहानी की ताकत। अगर कहानी को बेहतरीन ढंग से पेश किया जाए, उसमें सच्चाई और ईमानदारी हो, तो लोग उस कहानी से खुद को गहराई से जोड़ते हैं, और यह दृश्य को देखकर बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि समाज में अब इन मुद्दों पर एक नई लहर की शुरुआत हो चुकी है। मुझे कल की ही बात याद आ रही है कि किसी ने कहा था कि आजकल हर घर की यही कहानी है। हर कोई चिरैया देख रहा है।

# वेनिस में राधिका का रॉयल अंदाज

राधिका अंबानी एक बार फिर अपने शानदार फैशन सेंस को लेकर चर्चा में हैं। वेनिस बिएनाले में उनका बेहद रॉयल और एलिगेंट लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अंबानी परिवार की छोटी बहू राधिका ने इस खास मौके पर आइवरी और गोल्डन टोन वाला ऑफ-शोल्डर गाउन पहना, जिसमें वह किसी डिज्नी प्रिंसेस से कम नहीं लग रही थीं। उनके इस लुक ने फैशन प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। राधिका के गाउन का डिजाइन बेहद खास था। ड्रेस के ऊपरी हिस्से को ड्रेप्ड कॉर्सेट लुक दिया गया था, जिससे उनके पूरे आउटफिट को शानदार स्ट्रक्चर मिला। वहीं कमर के नीचे से गाउन का फ्लेयर्ड डिजाइन उसे और भी भव्य बना रहा था। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में राधिका का रॉयल अंदाज साफ नजर आ रहा है। राधिका ने अपने मेकअप को बेहद सिंपल और नेचुरल रखा। सॉफ्ट ब्राउन आई मेकअप और न्यूड पिंक लिप शेड ने उनके चेहरे की खूबसूरती को और निखार दिया। उन्होंने भारी ज्वेलरी की जगह सिर्फ गोल्डन फ्लोरल ईयररिंग्स और एक स्टेटमेंट रिंग पहनी, जिसने उनके पूरे लुक को क्लासी बना दिया। फैंस राधिका के इस अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं।







# सारा अली खान जुटी पति पत्नी और वो 2 के प्रमोशन में

अपनी आगामी ड्रामा फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान बेहद उत्साहित हैं। प्रमोशन में जुटी सारा अली खान ने फिल्म में एक अहम किरदार निभा रहीं अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के 'नीलोफर' नामक किरदार को लेकर मजेदार खुलासा किया है। अभिनेत्री का मानना है कि फिल्म का हर एक किरदार अपने आप में खास और महत्वपूर्ण है, मगर उनकी खासी दिलचस्पी अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के निभाए गए 'नीलोफर' के किरदार में थी। बातचीत के दौरान, फिल्म के सह-कलाकार आयुष्मान खुराना ने सबसे पहले यह राज खोला। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म में कई मुख्य किरदार होने पर क्या किसी को दूसरे का रोल ज्यादा पसंद आया, तो आयुष्मान ने बताया कि सारा अली खान को रकुल प्रीत सिंह का किरदार बहुत भाया। उन्होंने कहा कि सारा को लगता है कि नीलोफर के डायलॉग सबसे बेहतरीन और प्रभावशाली हैं।

इस पर सारा अली खान ने भी अपनी बात रखते हुए रकुल प्रीत सिंह की कॉमिक टाइमिंग और अभिनय की खूब प्रशंसा की। सारा ने कहा, 卐मुझे नीलोफर का किरदार बहुत पसंद आया था। फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ते समय ही यह रोल मुझे बेहद आकर्षक लगा। लेकिन अब जब मैंने सामने से देखा कि रकुल ने इसे कैसे निभाया है, तो मुझे लगता है कि उनके लिए यह रोल बिल्कुल परफेक्ट था। रकुल इतनी मजेदार और स्वाभाविक लग रही हैं कि जो हुआ अच्छे के लिए ही हुआ। अगर कोई दूसरी दुनिया होती और मुझे मौका मिलता तो मैं जरूर नीलोफर का किरदार निभाना चाहती।卐 यह टिप्पणी उनके किरदार के प्रति उनके गहरे लगाव और रकुल के प्रदर्शन के प्रति उनके सम्मान को दर्शाती है।

इसके साथ ही रकुल प्रीत सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। आयुष्मान खुराना के साथ पहले भी काम कर चुकीं रकुल ने बताया कि दोस्तों और परिचित सह-कलाकारों के साथ दोबारा काम करना काफी आसान और मजेदार होता है। उन्होंने कहा, इस बार सबसे अलग बात यह रही कि सेट पर बहुत सहजता थी। हमें एक-दूसरे के काम करने के तरीके, हमारी केमिस्ट्री और हमारे अभिनय की शैली के बारे में पहले से पता था। इससे काम करना न केवल आसान हो जाता है, बल्कि यह मस्ती भरा और रचनात्मक रूप से संतोषजनक भी बन जाता है।卐 फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' टी-सीरीज और बी.आर. स्टूडियोज के बैनर तले बनी है। यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है जो दर्शकों को हंसाने और सोचने पर मजबूर करने का वादा करती है। यह फिल्म आगामी 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।



# अभिनेत्री दिशा पाटनी भी ग्लोबल मंच पर बना रही पहचान


ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट के बाद बॉलीवुड की एक और अभिनेत्री दिशा पाटनी भी ग्लोबल मंच पर अपनी पहचान बनाने की तैयारी कर रही हैं। दिशा पाटनी की पहली इंटरनेशनल फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसने काफी चर्चा बटोर ली है। यह फिल्म एक काल्पनिक और रहस्यमयी दुनिया की कहानी पर आधारित है। 'स्टेटिगार्ड्स वर्सेज होलीगार्ड्स' नाम की नई फिल्म सीरीज की यह पहली कड़ी है। फिल्म की कहानी लाडो ओखोटनिकोव ने तैयार की है। इसमें दो प्राचीन शक्तियों के बीच संघर्ष को दिखाया गया है। एक पक्ष दुनिया में संतुलन और नियम बनाए रखने की बात करता है, जबकि दूसरा पक्ष अलग विचारधारा और नई दिशा का समर्थन करता है। इसी टकराव के बीच दिशा पाटनी का किरदार जेसिका सबसे अहम भूमिका में नजर आता है। फिल्म में जेसिका को एक ऐसी युवती के रूप में दिखाया गया है, जिसका संबंध दोनों विरोधी गुटों से है। वह दोनों पक्षों के नेताओं की बेटी है और इसी वजह से उसे दो दुनियाओं के बीच एक मजबूत कड़ी माना जाता है। कहानी में दुनिया का भविष्य उसके फैसलों पर निर्भर करता दिखाई देता है। ट्रेलर में यह भी दिखाया गया है कि जेसिका अपनी रहस्यमयी शक्तियों को समझने और नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है। उसके सामने सिर्फ दुश्मनों से लड़ने की चुनौती नहीं है, बल्कि अपनी असली पहचान खोजने और सही रास्ता चुनने की जिम्मेदारी भी है। ट्रेलर में दिशा पाटनी के कई दमदार एक्शन दृश्य देखने को मिलते हैं। वह तलवारबाजी से लेकर रहस्यमयी शक्तियों का इस्तेमाल करती नजर आती हैं। उनके एक्शन सीक्वेंस और स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। फिल्म की स्टार कास्ट भी काफी मजबूत मानी जा रही है। दिशा पाटनी के साथ हॉलीवुड अभिनेता केविन स्पेसी, डॉल्फ लुंडग्रेन और टायरेस गिब्सन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। दिशा पाटनी ने फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर करते हुए कहा कि पहली इंटरनेशनल फिल्म में काम करना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा। उन्होंने बताया कि अलग-अलग देशों के कलाकारों के साथ काम करते हुए उन्हें बहुत कुछ सीखने का मौका मिला।

# वरुण और पूजा की केमिस्ट्री ने जीता दिल



फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का नया रोमांटिक गाना 'तेरा हो जाऊं' रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। गाने में वरुण धवन और पूजा हेगड़े की शानदार केमिस्ट्री दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। दोनों की फ्रेश जोड़ी स्क्रीन पर एक अलग ही ऊर्जा और रोमांटिक एहसास लेकर आई है, जिसने युवाओं के बीच इस गाने को तेजी से लोकप्रिय बना दिया है। वरुण धवन की सहज अदायगी और पूजा हेगड़े की ग्रेसफुल मौजूदगी ने गाने को खास बना दिया है। इस गाने को स्टेबिन बेन और जोनिता गांधी ने अपनी मधुर आवाज दी है। वहीं, इसका संगीत व्हाइट नॉइज़ कलेक्टिव्स ने तैयार किया है और बोल वायु ने लिखे हैं। गाने में आधुनिक रोमांस को बेहद खूबसूरती से पेश किया गया है, जिसकी वजह से यह इंस्टाग्राम रील्स और म्यूजिक प्लेलिस्ट्स में तेजी से ट्रेंड कर रहा है। दर्शकों का कहना है कि लंबे समय बाद ऐसा रोमांटिक ट्रैक आया है, जो सीधे दिल को छूता है। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' को डेविड धवन निर्देशित कर रहे हैं। टिप्स फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर पहले से ही जबरदस्त उत्साह बना हुआ है और अब इस गाने ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

# पिता हमेशा कहा करते थे, लगे रहो बेटे, काम करते रहो: ईशा देओल



बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल के लिए हमेशा ही सबसे बड़ी प्रेरणा उनके दिवंगत पिता अभिनेता धर्मेंद्र की सीख और विश्वास रहा है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान ईशा ने अपने नए बिजनेस के बारे में बात करते हुए भावुक अंदाज में बताया कि उनके पिता हमेशा उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ने की हिम्मत देते थे।

ईशा ने मुंबई के रियल एस्टेट समूह 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' के साथ मिलकर अलीबाग में लग्जरी विला डिजाइन प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वह और उनके पिता घंटों तक अलग-अलग जगहों की बनावट, घरों की संरचना और साधारण स्थानों की खूबसूरती पर चर्चा किया करते थे। उन्होंने कहा कि उनके पिता अक्सर उन्हें एक ही बात कहते थे 'लगे रहो बेटे, करते रहो।' ईशा के मुताबिक यही शब्द आज भी उन्हें प्रेरित करते हैं और आगे बढ़ने का हौसला देते हैं। उन्होंने कहा कि पिता के विश्वास ने ही उन्हें अपने इस सपने को साकार करने की ताकत दी। अपने नए डिजाइन कारोबार का नाम ईशा ने 'ईशा धर्मेंद्र देओल डिजाइन' रखा है। इस नाम के पीछे भी पिता से जुड़ी एक खास भावना है। उनके बिजनेस के लोगो में लालटेन का प्रतीक बनाया गया है, जिसे धर्मेंद्र ने खुद अपने हाथों से तैयार किया था।

ईशा ने बताया कि यह लालटेन उनके लिए केवल एक डिजाइन नहीं, बल्कि पिता के प्यार और आशीर्वाद की निशानी है। उन्होंने कहा कि वह इस रोशनी को अपने काम के जरिए आगे बढ़ाना चाहती हैं। ईशा ने सोशल मीडिया पर भी अपने इस नए सफर की जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि वह अपने इस सपने को एक नई पहचान दे रही हैं और यह हमेशा अपने पिता को समर्पित रहेगा। उनकी इस पहल को परिवार का भी पूरा समर्थन मिला। अभिनेता बॉबी देओल ने उनकी पोस्ट साझा करते हुए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि ईशा इस क्षेत्र में भी शानदार काम करेंगी। गौरतलब है कि धर्मेंद्र का नवंबर 2025 में मुंबई स्थित उनके जूहू आवास पर निधन हो गया था।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com